

सूर्योदय प्रातः 5:45 सूर्यास्त संध्या 5:24 पखवाड़ा आश्विन शु. एकादशी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 29° न्यूनतम 22°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
रांची, सोमवार, 14 अक्टूबर 2024, वर्ष : 15, अंक : 241, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter



**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,381.36 | -230.05 (-0.28%) |
| निफ्टी | 24,964.25 | -34.20 (-0.14%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम, 24 carat)

| | |
|---|---|
| सोना | 76,690.00 |
| चांदी | 940.00 |

## एक झलक

### उप्र के इटावा में सड़क हादसा, दो विदेशी युवतियों समेत तीन की मौत, तीन जख्मी

**इटावा** : उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के थाना ऊसराहार क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या-125 के पास लखनऊ से दिल्ली जा रही लग्जरी कार पीछे से एक ट्रक में घुस गयी। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी और तीन गम्भीर रूप से घायल हो गये। मृतकों में दो विदेशी युवतियां भी हैं, जिनमें एक अफगानिस्तान और दूसरी रूसी नागरिक थी। स्थानीय पुलिस ने घायलों को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती करवाया है।

### संघ प्रमुख भागवत 16 व 17 अक्टूबर को सूरत के दौरे पर

**सूरत** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 16 एवं 17 अक्टूबर को सूरत के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे यहां कुछ कार्यक्रमों में शामिल होंगे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करें : हेमन्त

- विजयादशमी के अवसर पर पंजाबी-हिन्दू बिरादरी दशहरा कमिटी की ओर से मोरहाबादी मैदान में आयोजित 'रावण दहन' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन
- सीएम ने दीं सभी को विजयादशमी एवं दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई की विजय पर्व है। हम आज इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। एक-दूसरे के साथ मिल-जुल कर इस पर्व की खुशियों को बांट रहे हैं। इस अवसर पर सभी राज्य वासियों को दशहरा एवं विजयदशमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं...। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन विजयादशमी के पावन अवसर पर पंजाबी-हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा मोरहाबादी मैदान में आयोजित 'रावण दहन' कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

**भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करें**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सदियों से दशहरा का त्योहार इसलिए मनाते आ रहे हैं कि इस दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध किया था। आज हर वर्ष की भांति इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम में यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद हैं। हम सभी भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और सत्य एवं सदाचार के रास्ते पर आगे बढ़ें।

**मुख्यमंत्री ने रावण का फूंका पुतला, कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से मोहा दिल**

**मुख्यमंत्री** ने इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में वर्षों से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए रावण का पुतला फूंक कर अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश दिया। इस अवसर पर लंका दहन तथा कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले फूंके गये। वहीं, लोक कलाकारों ने भव्य रामदरबार दर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने भगवान श्री राम, लक्ष्मण एवं सीता माता का रूप धारण किये कलाकारों का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर आतिशबाजी का मनभावन नजारा भी दिखा। मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, पंजाबी-हिन्दू बिरादरी ● शेष पृष्ठ 11 पर

# ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की मौत पर राहुल गांधी का केन्द्र पर निशाना



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि यह अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की ज़िन्दगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है? राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर-गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत का उदाहरण दिया। उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए राहुल ने कहा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गम्भीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राहुल 19 अक्टूबर को आ सकते हैं रांची

**रांची** : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं। वह यहां एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी। दिल्ली से रांची लौटते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहयोगियों के साथ संविधान सम्मान सम्मेलन के लिए सम्भावित कार्यक्रम स्थल कार्निवल सभागार का निरीक्षण किया। उनके साथ शशिभूषण राय, विनय कुमार दीपू, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ● शेष पृष्ठ 11 पर

## रुड़की-लक्सर रेल लाइन पर मिला गैस सिलिंडर

**हरिद्वार** : रुड़की-लक्सर रेलवे ट्रैक पर एक गैस सिलिंडर मिलने से हड़कम्प मच गया। हालांकि, सिलिंडर खाली था। घटना शनिवार सुबह की है। लेकिन, अधिकारियों ने यह जानकारी रविवार को सार्वजनिक की। भुचड़ी रेलवे स्टेशन के निकट ढंडेरा में लक्सर-रुड़की रेलवे ट्रैक पर एक खाली तीन किलोग्राम का गैस सिलिंडर पड़ा मिला। घटना के बाद आरपीएफ, जीआरपी व सुरक्षा बल ● शेष पृष्ठ 11 पर

## पीएम गति शक्ति से देश अब विकसित भारत के सपने को पूरा करने के निमित्त बढ़ रहा आगे

- इस पहल को तीन वर्ष हुए पूरे, प्रधानमंत्री मोदी ने की प्रयासों की सराहना



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गयी पीएम गति शक्ति पहल को रविवार को तीन साल पूरे हो गये। इस अवसर पर पीएम मोदी ने इसके भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव को लेकर महत्त्वपूर्ण ● शेष पृष्ठ 11 पर


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# नियुक्ति के प्रति हम हैं संकल्पित

## 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (CHO) का

## नियुक्ति पत्र वितरण समारोह




**आवश्यक सूचना**

108 एंबुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने हेतु राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

104 स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी हेतु 24x7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाइन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. रामेश्वर उरांव**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार





दिनांक: 14 अक्टूबर 2024
समय : पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, रांची

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
PR- 338752 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

## एक झलक

### ट्रक ने मोटरसाइकिल को लिया अपनी चपेट में



**बुढ़मू :** बुढ़मू और केरेडारी थाना के सीमांत क्षेत्र के तिलैया घाटी में सड़क दुर्घटना में नवाड़ी से खपिया जा रहे खपिया निवासी पवन शर्मा (22) और पंकज शर्मा (20) की मौत हो गई और मृतक की बहन रेखा कुमारी (24) घायल हो गई। जानकारी के अनुसार पवन, पंकज और रेखा मोटरसाइकिल से नवाड़ी से खपिया जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक (जेएच02 एमपी 8690) ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया और घटनास्थल पर ही पवन और पंकज की मौत हो गई. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। साथ ही गंभीर रूप से घायल रेखा कुमारी को सीएचसी बुढ़मू में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया. रेखा के सिर और पैर में चोट लगी है. पुलिस ट्रक को जप्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है। चालक दुर्घटना के बाद ट्रक को घटनास्थल पर छोड़कर भाग गया। घटना शुक्रवार दोपहर की है।

### श्रीश्याम मित्र मण्डल में मनी पापाकुंशा एकादशी



**रांची :** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर आश्विन माह की पापाकुंशा एकादशी के अवसर पर भक्ति के महासगर में डूबा हुआ था। प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खुलते ही बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रीश्याम दरबार के दर्शन कर प्रातःकालीन श्रृंगार का दर्शन कर प्रातः 8.30 श्रृंगार आरती में भाग लिया। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार एकादशी का सायंकालीन विशेष श्रृंगार किया गया। डच लाल गुलाब,डच गुलाबी गुलाब, पीला गेंदा, मुरगन, तुलसीदल आदि बेंगलोर-कोलकाता से मंगाए गए फूलों की मोटी- मोटी फूलमालाओं से खाटूनरेश का दिव्य विशेष श्रृंगार किया गया।

### पूर्व मंत्री ने किया आधा दर्जन सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास



**लापुंग :** पुर्व मंत्री सह झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने लापुंग प्रखंड क्षेत्र में आधे दर्जन से अधिक सड़क मरम्मतीकरण योजनाओं का शिलान्यास किया । जिसमें सरसा मेन रोड से साई मंदिर होते हुए सरसा तक , ककरिया से कोयसारा, डुरू से शक्करपुर तकय, विरमकेल से पाडु तक, जातालोया से सारंगलोया चौक तक , लापुंग बिरसा चौक से बाकाककेरा तक तपकरा से महुंगाव तक सड़क मरम्मतीकरण कार्य का शिलान्यास विधीवत नारीयल फोड़कर किया। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा मांडर विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है । योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीणों को मिले इसके लिए हम प्रयासरत हैं । हमारी सरकार ने मंइया योजना, अबुआ आवास का लाभ दे रहीं हैं साथ ही बिजली बिल माफ कर गरीबों को बड़ी राहत देने का काम किया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र वर्मा, संतोष तिर्की, एतवा उरांव, जितेन्द्र उरांव विरवा होरो समेत कई लोग मौजूद रहें।

### दशहरा पर्व बुढ़मू थाना के उमेडंडा, चकमे, मक्का और बुढ़मू में भव्य तरीके से मनाया गया




**बुढ़मू :** दशहरा पर्व बुढ़मू थाना के उमेडंडा, चकमे, मक्का और बुढ़मू में भव्य तरीके से शनिवार को मनाया गया। प्रतिमाओं का विसर्जन जलाशयों में किया गया और रावण दहन किया गया। उमेडंडा में मेले और झांकियों का आयोजन हुआ, जिसमें राधा कृष्ण की नृत्य और संगीत प्रस्तुति दी गई। सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी ने सभी पूजा स्थलों पर व्यवस्था किया था। मौके पर जिला परिषद रामजीत गंझू, प्रमुख सत नारायण मुंडा, थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, मोहन जयसवाल, सुदामा नायक, सुनील साहू, मुखिया रामवृत मुंडा, तपेश्वर मिश्रा सहित अन्य का योगदान आयोजनो में रहा।

## लापुंग में जयकारों व गाजे-बाजे के साथ दी गयी मां दुर्गा को विदाई

# सिंदूर खेला का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** प्रखंड क्षेत्र के दानेकेरा , लापुंग, दोलैचा व ककरिया में महादशमी की पूजा कर गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा विसर्जित की गई। वहीं ककरिया में मां आदिशक्ति की पूजा आरती के बाद सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने सिदूर , लगाकर एक दूसरे महिलाओं को सुहागिन रहने का कामना किया। इसी के साथ पूजा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। शाम को गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गे की प्रतिमाओं को जुलूस के रुप में विभिन्न जलाशयों में विसर्जित किया गया । वहीं इस मौके पर लापुंग दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने फीता काटकर किया । साथ ही ककरिया में भी दुर्गा पूजा में भी शामिल हुई । वहीं पुजा के दौरान भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने भी पुजा पंडालों में पहुंचकर माथा टेका। वहीं नवाटोली में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुजा के दौरान पुरा क्षेत्र भक्तिमय रहा ककरिया में कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष गंगाधर साहु, सुधीर साहु, नुनककरन साहु, लक्ष्मी नारायण साहु, अनिल साहु, देवेन्द्र वर्मा, सनातन साहु, ब्रज बिहारी साहु , सुभाष साहु, नन्दलाल साहु , नित्यानंद साहु, चुनिया राम , युधिष्ठिर साहु, समीर गुप्ता, प्रभात कुमार उमेश कुमार, प्रवीण कुमार समेत कई लोगो का योगदान रहा।

## नवरात्र पर नौ दिनों तक भक्तिमय रहा पांचपरगना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** पूरे पांचपरगना क्षेत्र में नवरात्र के अवसर पर नौ दिनों तक माहौल भक्तिमय रहा ।तमाड़ स्थित दिवड़ी मंदिर एवं हाराडीह स्थित महामाया मंदिर में महादेवीजी की विशेष अनुष्ठान में प्रथम दिन से ही श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती रही ।बुंडू,तमाड़,सोनाहातू, राहे आदि कस्बाई क्षेत्र में जहां आकर्षक ढंग से पूजा पंडाल एवं देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। वहीं लगभग हर गांवों में भी देवी दुगार्जी की प्रतिमाएं स्थापित कर देवी जी की पूजन अर्चन की गई ।बुंडू में हर वर्ष की भांति इस बार भी विभिन्न पूजा समिति कॉलेज मोड़ में श्रीराम सेना,काली मंदिर चौक में मिलन मंदिर सेवा संघ, महावीर मंदिर चौक में बिहार क्लब,बिचका टोली में विशाल क्लब ,रांची टाटा राजमार्ग में शिव शक्ति क्लब ,बड़ा तालाब, पुराना बाजार टोली में बजरंग दल, कॉलेज रोड में बजरंग संघ ,पुराना बाजार टोली में जन कल्याण समिति, राधारानी मंदिर परिसर में श्री श्याम सुंदर भूवदेव समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल एवं जीवंत देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई है,जिसे देखने के लिए पूजा पंडालों के पट खुलने के साथ विजयादशमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही ।विभिन्न पूजा पंडालों एवं चौक चौराहों पर विधि एवं शांति बहाली को लेकर विशेष व्यवस्था की गई थी। इस दौरान समाचार लिखे जाने तक किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं है।

# घुटुवा नयानगर में दशहरा पर धू-धू कर जला रावण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व दशहरा बरकाकाना सहित आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। घुटुवा के सीसीएल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर घुटुवा में लगे मेले में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। जहां बच्चों के साथ बड़ों ने भी झूलों का भरपूर आनंद लिया। वहीं रावण दहन से पूर्व काफी देर तक जमकर आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कर्मशाला के महाप्रबंधक प्रवीण कुमार के द्वारा रावण के पुतले का प्शशशंशमौके पर महाप्रबंधक समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार, सचिव निखिल कुमार, एस के सिंह, खिरोधर महतो, संजय शर्मा, रंजीत सिंह, अनुज कुमार, सतपाल बोहरा, गोविंद बेदिया, पंचदेव करमाली, जगत महतो सतपाल बोहरा, नेपाल विश्वकर्मा, शंकर मिस्त्री, प्रदीप चक्रवर्ती, शुशील कुमार, सोहन बेदिया सहित कई लोग मौजूद थे।

### सयाल में आकर्षक आतिशबाजी के बीच धूं-धूंकर जला रावण



**उरीमारी :** सयाल में शनिवार को अधर्म पर धर्म की जीत का महापर्व दशहरा हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। स्थानीय हिलव्यू स्टेडियम में रावण और मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। इससे पूर्व जमकर आतिशबाजी की गई। रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह रहे। जिनके द्वारा रावण दहन की शुरूआत की गई। अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सह एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार, झारखंड सरकार परिवहन प्राधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया शम्भू नाथ, बिनोद कुमार, विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य शामिल रहे।

### भुरकुंडा सहित आसपास धूमधाम से मना दशहरा



**भुरकुंडा :** असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व दशहरा भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास हर्षोल्लास से मनाया गया। भुरकुंडा थाना मैदान, जवाहर नगर, भदानीनगर आईएजी मैदान सहित कई जगह रावण दहन किया गया। रावण दहन से पूर्व जमकर आतिशबाजी की गई। भुरकुंडा थाना मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में पतरातू अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया और भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से प्रतीकात्मक रावण दहन किया गया।

## ईरबा में टंबल ड्राई लॉन्ड्री एवं ड्राई क्लीनिंग सर्विस सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन

# अच्छे शोरूम होंगे, तो अच्छे उत्पाद मिलेंगे और अच्छी सर्विस मिलेगी : सईद अहमद अंसारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित ईरबा में टंबल ड्राई लॉन्ड्री एवं ड्राई क्लीनिंग सर्विस सेंटर का भव्य उद्घाटन हुआ। प्रतिष्ठान के संचालक सरफुल हक, मेदांता अस्पताल के सलाहकार शईद अहमद अंसारी व समाजसेवी अब्दुल सत्तार अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपथित मेदांता अस्पताल के सलाहकार शईद अहमद अंसारी ने कहा कि शहर के विकास के लिए अच्छे ब्रांड के शोरूम होना चाहिए। अच्छे शोरूम होंगे तो अच्छे उत्पाद मिलेंगे और अच्छी सर्विस मिलेगी। जिससे कार्य समय से पूरा होगा सबका सम्मान होगा और सभी लाभान्वित होंगे । इस अवसर पर दुकान के संचालक सरफुल हक ने कहा की यह ग्रामीण क्षेत्र का पहला शोरूम है । इस शोरूम में कपड़ों की धुलाई इंपोर्टेड मशीन व इंपोर्टेड सलूशन से आधुनिकतम तरीके से की जाएगी जिससे कपड़े की गुणवता बनी रहेगी। इस शोरूम में इमरजेंसी में 24 घंटे में आपको कपड़े ड्राई क्लीन हो मिल जाएंगे। साथ ही घर से ही ऑनलाइन बुकिंग हो जाएगी जिससे स्टाफ आपके घर तक सुविधा देगा। शोरूम इको फ्रेंडली है जहां पानी की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाता है। यहां सभी आधुनिक सिस्टम की मशीनों द्वारा कपड़े प्रेस करके मिलेंगे। इस अवसर पर मंजूर अहमद अंसारी, अब्दुल सत्तार अंसारी, जावेद अख्तर, इम्तियाज ओहदार, रकीब ओहदार, कयूम अंसारी, आरिफ अंसारी, आफताब आलम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रक्षा राज्यमंत्री ने पंजाब और सिक्ख रेजिमेंट सेंटर में किया शस्त्र पूजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शनिवार को विजयादशमी पर रामगढ़ कैंट पहुंचे। जहां उन्होंने पंजाब और सिक्ख रेजीमेंट सेंटर में शस्त्र पूजन किया और सेना के जवानों को मिठाई खिलाकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। रेजीमेंट सेंटर में अवस्थित मंदिर के पुजारी के द्वार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां दुर्गा की पूजा के साथ शस्त्र पूजन संपन्न कराया। अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि आज दशहरा है और इस दिन शक्ति और शस्त्र पूजन की हमारी संस्कृति रही है। सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाना मेरा सौभाग्य है। सेना के जवान मां अपने परिवार से दूर रहकर भारती की सेवा कर रहे हैं, ऐसा सौभाग्य कम लोगों को मिलता है। उन्होंने कहा कि पंजाब रेजीमेंट और सिक्ख रेजीमेंट हमारे मस्तक हैं और इनकी वीरता का पूरी दुनिया लोहा मानती है। अवसर पर सेना के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# विकास के लिए अच्छी सड़क जरूरी : शिल्पी नेहा तिर्की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के ईंटा चिल्द्री से घाघरा नदी टोली तक और कारांजी के बीटी रोड से दिघिया मिशन स्कूल भाया जाराटोली तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनने वाली सड़क निर्माण का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि यह सड़क स्थानीय ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के विकास के लिए अच्छी सड़क जरूरी है। उन्होंने कहा मांडर विधानसभा के हर गांव को मजबूत और आधुनिक बुनियादी ढांचे से जोड़ना मेरा संकल्प है। यह सड़क ग्रामीणों के जीवन को सुगम बनाने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। यह सड़क न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी राहत दिलाएगी। विधायक ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि उनके प्रयासों से क्षेत्र का विकास तेजी से होगा आपके समर्थन से हम क्षेत्र को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौके पर जिप सदस्य वेरोनिका एक्का उपप्रमुख मोददसिर मुदस्सिर हक, करमा उरांव, मुखिया अनिता बाड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, तंजीर हुसैन, मुस्ताक खान, साजिद खान, विश्वनाथ, साबिर मीर, मजबूल खान,रशीद अंसारी, माधुरी लकड़ा, सोमरा उरांव,मीर मुस्लिम, मो तौफीक व सिंगलु सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## हड़ताल के कारण नहीं मिली एम्बुलेंस होटल व्यावसायी की हुई मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के तुको गांव निवासी होटल व्यवसायी सह समाजसेवी 58 वर्षीय राजकुमार प्रसाद गुप्ता का शुक्रवार की रात में लगभग नौ बजे उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने पर उन्हें ऑटो से पत्नी व बेटी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो इलाज के लिए लेकर आये। जहां चिकित्सकों ने इलाज कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं राजकुमार प्रसाद गुप्ता को रेफर करने के बाद 108 एम्बुलेंस को फोन करने पर पता चला कि वे लोग हड़ताल पर है। इसके बाद उन्हें रांची ले जाने के लिए दो घंटे तक दो घंटे तक गाड़ी खोजने बाद इन्हें गाड़ी नहीं मिली ।वही साढ़े बारह बजे रात में मां बेटी ने किसी तरह से गाड़ी व्यवस्था कर रांची लेकर गए। जहां उन्हें बचाने की कोशिश की गई। लेकिन शनिवार की अपराह्न लगभग एक बजे सिटी अस्पताल रांची में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया ।वहीं राजकुमार प्रसाद गुप्ता के आकस्मिक निधन से उनके परिवार में पत्नी समेत बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

## झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने पूर्व विधायक को सौंपा संयुक्त ज्ञापन

# सभी सेविका/सहायिका की मांगों के साथ खड़ी हूं : ममता देवी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (राममढ़) :** रविवार को पूर्व विधायक ममता देवी के आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा की सदस्यों ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा।

उनकी प्रमुख मांग निम्नलिखित है :

1.विभाग द्वारा जारी सेवा शर्त नियमावली की अधिसूचना संख्या - 2238 एवं 2239 दिनांक 30/09/2022 में आंशिक संसोधन हेतु पूर्व समर्पित आवेदन पर अविलंब विचार हो।

2.सहायक अध्यापकों के समान आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका का मानदेय हो।

3.मानदेय का भुगतान केन्द्रांश एवं राज्यांश मद की राशि एक साथ ससमय हो।

4.सेवा निवृत्ति के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एकमुश्त सेवा निवृत्ति का लाभ भुगतान हो तथा अंतिम मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में भुगतान की स्वीकृति दी जाय।

5.महिला पर्यवेक्षिका के पद पर बहाली में उम्र सीमा और विषय की अनिवार्यता को छांट कर शत प्रतिशत वरीयता एवं कायार्नुभव के आधार पर आँगनबाड़ी सेविका को प्रोन्नति दी जाय।

6.सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार सभी समाज कल्याण के संविदा कर्मियों के बीच व्याप्त मानदेय विसंगति को दूर कर आँगनबाड़ी कर्मियों को भी महँगाई एवं यात्रा-भत्ता भुगतान की स्वीकृति दी जाय एवं सभी को नियमित कर पूर्ण सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए विद्यालयों के समान विपरीत मौसम में अवकाश की व्यवस्था।

7.विभागीय कार्य संपादन हेतु ब्रांडेड कंपनी का मोबाईल टैब रिचार्ज सहित आपूर्ति की जाये।

## नागपुरी कार्यक्रम में झूमते रहे लोग

**अनगड़ा :** देवी मड़ई पूजा समिति सहेदा द्वारा रविवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध नागपुरी गायक इग्नेश व इनकी टीम ने शानदार प्रस्तुती दी। देर रात तक लोग झूमते रहे। उदघाटन मेला समिति के अध्यक्ष पारसनाथ भोगता ने किया। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन थे। पारसनाथ भोगता ने बताया कि पिछले दो दशक से भी अधिक समय से विजयादशमी के एक दिन बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन लगातार होता आ रहा है। इस मौके पर मुखिया राजेन्द्र बेदिया, उपमुखिया मनी मुंडा, पंसस बिनोद रजवार, साहेबराम भोगता, नीलमोहन पाहन, सोमनाथ बेदिया, राजेश पाहन सहित आयोजन समिति के सचिव नंदलाल राम, कोषाध्यक्ष जयनंदन सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, महावीर भोगता, श्रवण मुंडा शिवधर रजवार, फारूक खान, मनोज पाहन, दीपक राम, संतोष करमाल, हरीश भोगता, चंद्रमोहन भोगता, बबलू राम, रवि भोगता, महेश भोगता आदि उपस्थित थे।

## बुंडू के ताऊ मैदान में भव्य रावण दहन व आर्कषक आतिशबाजी आयोजित

# विजयादशमी पर लें समाज में व्याप्त बुराई से लड़ने का संकल्प : विकास मुंडा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** बुंडू स्थित ताऊ मैदान में विजयादशमी पर पांच परगना रावण दहन समिति के तत्वाधान में 7वें वर्ष रावण दहन एवं आतिशबाजी भव्य एवं आकर्षक ढंग से आयोजित की गई। रावण दहन एवं आतिशबाजी देखने के लिए इतनी भीड़ उमड़ी की विशाल ताऊ मैदान छोटी पड़ गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक विकास कुमार मुंडा ने आतिशबाजी का शुभारंभ किया और अंत में 30 फुट के रावण पर तीर चलाकर दहन किया ।इस मौके पर विकास कुमार मुंडा ने कहा रावण दहन समाज में बुराई पर अच्छाई का, तथा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। आइए हम सब विजयादशमी के अवसर पर समाज में व्याप्त बुराईयों पर विजय का संकल्प लें ।उन्होंने इस तरह के आयोजन को सामाजिक समरसता के लिए मिशाल बताया ।उन्होंने आनेवाले वर्षों में कार्यक्रम को और भी भव्य ढंग से आयोजित करने का उपस्थित जनों को आश्वस्त किया ।कार्यक्रम में बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया, बुंडू विधायक प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा, तमाड़ विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, जिला परिषद सदस्या भवानी मुंडा, पांच परगना रावण दहन समिति के सलाहकार लखन प्रसाद महतो, लखीनारायण मुण्डा, शिबु प्रजापति, दिनेश जायसवाल, सुफेननाथ महतो अध्यक्ष गुला (बालेश्वर) महतो ,गिरीश मुण्डा, तुलसी महतो, लक्ष्मण महतो, दिलीप महतो,राम महतो,जितु महतो, गिरीश महतो, संतोष मुण्डा ,मेथा पाल, सभी सदस्य, बासु सेठ, उमेश महतो, प्रदीप सिंह मुंडा, मलिन महतो, विजय महतो, अरविंद कुमार, मुन्ना महतो,अनिल सिंह मुंडा, विषम सिंह मुंडा, गणपति महतो, मनोज पंडा, गिरीश सिंह मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू, अंचल अधिकारी बुंडू, प्रखंड विकास पदाधिकारी बुंडू, अंचल अधिकारी तमाड़, थाना प्रभारी बुंडू, थाना प्रभारी तमाड़, थाना प्रभारी दशम फॉल, थाना प्रभारी अड़की आदि के अलावे अग्निशामक,एवं मेडिकल टीम के सदस्य शामिल थे।

# उत्साह और हर्षोल्लास के साथ गोला प्रखंड क्षेत्र में मनी दुर्गा पूजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

गोला (राममढ़) : गोला प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को मूर्ति विसर्जन के साथ हीं देवी शक्ति की पुजा दुर्गा पूजा उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में ज्यादातर मूर्तियों का विसर्जन शनिवार को किया गया। विसर्जन से पूर्व श्रद्धालुओं ने माता रानी की आरती उतारी एवं अगले वर्ष उनके पुनः आगमन का निमंत्रण दिया। ज्ञात हो कि गोला शहरी क्षेत्र में मुख्य रूप से चार जगह दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। इनमें बाबू दुर्गा मंदिर(बक्शी टोला), सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, सुवर्ण वणिक दुर्गा मंदिर(चौक बाजार) एवं सोना ठाकुर दुर्गा मंदिर(चौक बाजार) में भव्य तरीके से दुर्गोत्सव मनाया गया। शनिवार को सार्वजनिक दुर्गा मंदिर एवं बाबू दुर्गा मंदिर के प्रतिमाओं का विसर्जन हो गया। सुवर्ण वणिक दुर्गा मंदिर के प्रतिमा का विसर्जन एकादशी को हुआ तथा पूर्व की भाँति सोना ठाकुर दुर्गा मंदिर के प्रतिमा का विसर्जन त्रयोदशी को किया जायगा। ग्रामीण क्षेत्रों में कोराम्बे, मगनपुर, पुरबडीह, बरियातू, नावाडीह, सरगडीह, बरलंगा, कुष्टेगढा, हुल्लु सहित अन्य गाँवों में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाया गया। विसर्जन का कार्यक्रम अपरान्ह 3:00 से रात्रि 8:00 तक जारी रहा।

## बेड़ो महादानी मैदान में रावण का हुआ पुतला दहन



**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में विजयदशमी का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। शनिवार को महापर्व दशहरा परंपरागत तरीके से रावण दहन के साथ मनाया गया। श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा महादानी मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत और असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के साथ रावण दहन किया गया। इसके पूर्व कलश विसर्जन व महिलाओं ने सिंदूर लगाकर विजयदशमी पर्व मनाया गया। इस वर्ष का आकर्षण का केंद्र रहे रावण का पुतला 50 फीट का बनाया गया था। महासमिति द्वारा जमकर आतिशबाजी के बीच दुर्गा पूजा के संस्थापक सह संरक्षक हरि सोनी पूर्व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय मुखिया सुशांति भगत सीओ प्रताप मिंज समेत पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से रावण के पुतले को आग के हवाले कर दिया गया। जिससे वह धू-धू जलकर समाप्त हो गया। वहीं प्रशासन के द्वारा कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैनात था ।इस दौरान हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## सुवर्ण वणिक समाज ने विजयादशमी को 'सिंदूर खेला' का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (राममढ़) :** प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी सुवर्ण वणिक समाज गोला में कलश विसर्जन से पहले समाज की महिलाओं के द्वारा 'सिंदूर खेला' का आयोजन किया गया। समाज की सभी सुहागन महिलाओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं के द्वारा सिंदूर खेला को एक मनमोहक दृश्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। सभी महिलाएँ एक दूसरे के माथे में सिंदूर लगाकर एक दूसरे को सुहागन होने का आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक ममता देवी विशेष रूप से सम्मिलित हुई, साथ ही साथ इसमें जमशेदपुर के सुवर्ण वणिक समाज के पदाधिकारी गण भी यह दृश्य देखने के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किए गए थे। इस कार्यक्रम विशेष रूप से अध्यक्ष राजेश चंद्र पोद्दार, सचिव वापी चंद्र पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौर चंद्र पोद्दार, उपाध्यक्ष पंचम पोद्दार, रिकेश पोद्दार, प्रताप पोद्दार, पंचम चंद्र पोद्दार, दिनेश पोद्दार, शत्रुघ्न पोद्दार, नवदीप चंद्र पोद्दार, दीपक कुमार दे, रूपेश चंद्र पोद्दार, बजरंग महतो, मनोज चंद्र पोद्दार, राजेश चंद्र पोद्दार, शोभा पोद्दार, अंजू पोद्दार, ममता पोद्दार, असीमा पोद्दार, मिताली कुमारी, मनोरमा पोद्दार, रूमा पोद्दार, टुंपा पोद्दार, शिप्रा पोद्दार, दीपक चंद्र पोद्दार, दीक्षा पोद्दार का सहयोग रहा।

## एक झलक

### एकादशी तिथि पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान का हुआ संपादन



**रांची :** रविवार आश्विन शुक्ल पक्ष को पापांकुशा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में सम्पूर्ण मनोरथों की प्राप्ति के लिए, मनुष्यों को स्वर्ग और मोक्ष प्रदान करनेवाले पद्नाम श्रीमन्नारायण भगवान वासुदेव का पूजन हुआ। चिरकाल तक कठोर तपस्या करके जिस फल को प्राप्त करता है, वह एकादशी के दिन भगवान गरुड़ध्वज को प्रणाम करने से मिल जाता है। इसलिए सभी व्रतधारी स्त्री- पुरुष गरुड़ध्वज (परमस्थान) बलिपीठम के समक्ष दण्डवत प्रणाम निवेदन किया। पृथ्वी पर जितने तीर्थ और देवालय हैं, उन सबके सेवन का जो फल है, वही फल भगवान श्रीहरि विष्णु के नामकीर्तन मात्र से मिल जाता है। इसी भाव को हृदय में धारण किये भक्तवृंद हरिनाम कीर्तन और श्रीनिवासा गोविन्दा, श्रीवेंकटेशा गोविन्दा के धुन पर नाचते-झूमते परिक्रमा कर रहे थे।

### आश्विन सुदी पापांकुशा एकादशी पर्व का हुआ आयोजन



**रांची :** अग्रसेन पर स्थित श्री श्याम मंदिर में दिनांक 13 अक्टूबर 2024 को आश्विन सुदी पापांकुशा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा सहित भक्ति में वातावरण में आयोजित किया गया। प्रात: श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया साथी मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। प्रात: 8:00 बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ अनावृत बनी रही। लाल गुलाब, जूही, बेला, मोगरा रजनीगंधा, व गेंदा के फूलों से श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड पावन ज्योत प्रज्वलित की गई, भक्तगण मंगल दर्शन कर ज्योति आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल मांग रहे थे।

### नयी एंबुलेंस का किया गया उद्घाटन



**रांची :** आमजनों की सेवा के लिए मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा बकरी बाजार प्रांगण, अप्पर बाजार मे मंच के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष स्वर्गीय विनय जी जालान की पुण्य स्मृति मे नए एम्बुलेंस का विधिवद् रूप से पूजा कर उद्घाटन किया गया। तत्पच्षात हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय युवक संघ बकरी बाजार में निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया जो हेल्थ पॉइंट मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के द्वारा लगाया गया है। मारवाड़ी युवा मंच विगत कई वर्षों से बकरी बाजार प्रांगण मे दुर्गा पूजा के समय आमजनो की सेवा के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाता आ रहा है जो की दशमी तक सुचारु रूप से बकरी बाजार प्रांगण मे सभी को सेवा प्रदान करेगी।

### श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व को लेकर हुई आम सभा



**रांची :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व को लेकर रविवार को सुबह 11 बजे आम सभा बुलाई गई। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल की अध्यक्षता में हुई आम सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए एवं प्रकाश पर्व के आयोजन को लेकर अपने अपने विचार रखे, जिन पर विस्तार से चर्चा हुई। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि रातू रोड कृष्णानगर कालोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सिख पंथ के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 555वां प्रकाश पर्व 13 नवंबर को गुरुद्वारा मैदान में मनाया जाएगा। सर्वप्रथम सुबह 9.30 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पालकी में विराजमान कर गुरुद्वारा साहिब से शबद कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा मैदान स्थित भव्य पंडाल में विराजमान किया जाएगा तत्पश्चात सुबह दस बजे से भव्य दीवान सजाया जाएगा जो कि दोपहर 2:30 बजे तक चलेगा।

# सिन्दूर खेला में दिखी अद्भुत श्रद्धा





**रांची :** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति कांके रोड में महिला भक्तों द्वारा सिंदूर खेला कर माता को विदा किया गया। सिंदूर एक-दूसरे के मांग में भर कर सुहागन अपनी सिंदूर की रक्षा और घर परिवार के स्वस्थ रखने की मनोकामना मां दुर्गा से मांगती है। इस तरह से माता की विदाई पर भक्तों की आंखें उमंग से भरी थी पुनः अगले वर्ष आने की विनम्र निवेदन कर माता को विदाई दी गयी। प्रांगण में दुर्गोत्सव मूर्ति विषर्जन के साथ सम्पन्न हुई।

## यूथ क्लब दुर्गा पूजा समिति ने निकाली मां की विसर्जन शोभायात्रा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रविवार को दुर्गा पूजा का विसर्जन शोभायात्रा महावीर चौक से अल्बर्टो का चौक होते हुए काली मंदिर से होते हुए बड़ा तालाब के लिए निकल गयी शांति एवं सद्भावना के साथ यह शोभायात्रा प्रत्येक वर्ष निकल जाती है। इस शोभा यात्रा में अध्यक्ष विष्णु देव प्रसाद लीलू, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर सिन्हा, मंत्री राकेश वर्मा, सम्मानित सदस्य निशांत सिन्हा, पूरा विसर्जन जुलूस में सम्मानित सदस्य मुन्ना शर्मा के नेतृत्व में निकल गई और उनका अहम भूमिका रही यह जानकारी शंकर साहू ने दी।

## रातू रोड बिरला मैदान में इंद्रपुरी रावण दहन

**रांची :** रातू रोड बिरला मैदान में इंद्रपुरी रावण दहन समिति द्वारा रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण दहन का कार्यक्रम प्रथम बार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक मृत्युंजय सिंह, मुख्य संयोजक उत्तम यादव, नीरज कुमार अशोक श्रीवास्तव उपस्थित थे। प्रथम वर्ष पर दशहरा के शुभ अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चे रावण दहन कार्यक्रम देखने के लिए उमार पड़े।





रांची रेलवे स्टेशन पूजा विसर्जन

## मां भवानी की विसर्जन विदाई शोभायात्रा



**रांची :** नवरात्र के 10 दिनों तक चलने वाले दुर्गा उत्सव का समापन मां भवानी के विसर्जन विदाई शोभा यात्रा के साथ संपन्न हुआ राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडाल में विराजित मां की प्रतिमा का विदाई विसर्जन शोभा यात्रा निकल गई मां दुर्गा सरस्वती लक्ष्मी भगवान गणेश कार्तिकेय और असुर राज महिषासुर के मूर्ति को बड़े वाहनों पर विराजमान कर शहर के विभिन्न क्षेत्र से भ्रमण करते हुए शहर के विभिन्न जलाशयों में विसर्जित की जा रही है बहुत चर्चित पूजा पंडाल में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भी मन की विदाई विसर्जन शोभायात्रा काफी भव्य रूप से निकल गई शोभा यात्रा का आकर्षण विसर्जन शोभा यात्रा डोली में निकला जाना बेहद ही आकर्षण रहा वही मातृ शक्ति की प्रधानता के साथ महिलाएं घोड़े पर सवार हो हाथों में वीरता का प्रतीक तलवार लेकर इस शोभा यात्रा में शामिल रही आकर्षक रूप से बुलेट पर सवार हो वीरांगना मां के विसर्जन विदाई में शामिल हुई।



रांची के बड़ा तालाब में मां दुर्गा को अंतिम विदाई, नम आंखों से श्रद्धालु ने दी मां दुर्गा को विदाई मौके पर एसडीएम और कोतवाली डीएसपी के साथ कोतवाली थाना प्रभारी, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी सहित कई पुलिस पधाधिकारी मौजूद।

## बबलू मुंडा ने की राहुल तिर्की की हत्या निंदा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रविवार को केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने राहुल तिर्की की हत्या पर प्रेस बयान जारी कर कहा कि राहुल तिर्की की हत्या का हम निंदा करते हैं। राहुल तिर्की का हत्या की घटना झारखंड के लिए कोई नई बात नहीं है। झारखंड राज्य में अपराधि बेलगाम है आए दिन संथाल हो कोल्हान हो उत्तरी राज्य छोटानागपुर दक्षिण छोटानागपुर हो यह फिर पलामू प्रमंडल हो राज्य के किसी भी कोने में अपराधी बैखोफ होकर अपराध कर के निकल जा रहे हैं। राज्य सरकार का प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह ध्वस्त है। हेमंत सरकार दलित, आदिवासियों, पिछड़ों के बड़े शुभचिंतक बनते है और उनके ही राज्य में दलित, आदिवासी, एवं पिछड़ों के साथ हत्या बलात्कार अत्याचार शोषण हो रहा है और हेमंत सोरेन सरकार कान में तेल डालकर सो रही हैं। और चुनाव नजदीक आने पर मैया योजना के नाम पर एक हजार रूपया का पर्लोभन देकर वोट की राजनीति करने में व्यस्त हैं। इसलिए हेमंत सोरेन सरकार से मांग करते हैं कि दलित, आदिवासी पिछड़ा एवं अन्य के साथ इस तरह की घटना का पुर्नवृत्ति ना हो साथ ही साथ राहुल तिर्की के हत्यारों को शीघ्र गिरफ़्तार किया जाए और राहुल तिर्की के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 25 लाख रुपैया मुआवजा दिया जाए।


## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुआ सामूहिक शस्त्र-पूजन एवं हनुमान चालीसा पाठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** विजयादशमी के अवसर श्री माहेश्वरी सभा द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर लेक रोड मे सामूहिक रूप से शस्त्र पूजन व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। रांची में पहली बार आयोजित सामूहिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम मे सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के सनातन धर्म के लोगों द्वारा पूरे महाधार्मिक अनुष्ठान पूजा अर्चना के साथ सामूहिक रूप से सैकड़ो की संख्या मे शस्त्र तलवार कटार तथा अन्य शस्त्रों का पूजन की। तथा आठ विद्वान पंडितो द्वारा पूरे विधि-विधान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी शस्त्रों का पूजन कराया गया। गणेश वंदना एवं शंखनाद के साथ कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। तथा बच्चों द्वारा श्री राम प्रभु के भजनों पर भावपूर्ण मनमोहन नृत्य एवं नारी शक्ति द्वारा शौर्य कौशल्य का अद्भुत प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ विश्व शांति के लिए किया गया।

## मोरहाबादी के कृष्णा नगर में हुआ जेएसके फिटनेस जिम का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रविवार को मोराबादी के कृष्णा नगर में जेएसके फिटनेस जिम का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में टहए ग्रुप ऑफ कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष आदिल अख़्तर थे। आईएफबीबीप्रो अफरोज खान ने भी शिरकत दी। जेएसके फिटनेस जिम के मालिक प्रणव झा ने जिम के बारे में बताते हुए कहा कि यह यूनिसेक्स जिम है। यह सुबह 5:00 बजे से रात के 9:00 बजे तक खुला रहेगा। 500 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस है। आगे उन्होंने मेंबरशिप प्लांस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक महीना के लिए 999, तीन महीने के लिए 2499, छः महीने के लिए 4999 और सालाना 9,999 देने होंगे। इस मौके पर बालाजी फिटनेस जिम के मालिक आदित्य, प्रोफेशनल बॉडीबिल्डर ओनकार मिश्रा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## विजयादशमी पर सामूहिक शस्त्र पूजन: परम्परा का पुनर्जागरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** इस विजयादशमी पर संपूर्ण भारतवर्ष में पहली बार किसी सामाजिक संस्था द्वारा सामूहिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रांची माहेश्वरी सभा और श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति (सेवा सदन पथ) रांची के संचालन में यह अनूठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमें अपने पूर्वजों से समृद्ध धार्मिक परंपराओं की विरासत प्राप्त हुई है। शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों में रामायण का नवाह्न पारायण पाठ और प्रतिदिन रामायण जी की आरती का आयोजन, तथा विजयादशमी के दिन सपरिवार शस्त्रों की पूजा हमारी इस धरोहर का हिस्सा रहा है। हालांकि आधुनिकता के प्रवाह में यह परंपरा कहीं पीछे छूट गई थी। इस वर्ष श्री माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला समिति एवं माहेश्वरी युवा संगठन, रॉची ने लक्ष्मीनारायण मंदिर समिति के सहयोग से विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की इस पवित्र परंपरा को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया। 12 अक्टूबर 2024, शनिवार को प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, सेवा सदन पथ में सामूहिक शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इसके उपरांत हनुमान चालीसा, आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस आयोजन में रांची के अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों को भी निमंत्रित किया गया, और समाज के सभी वर्गों से लगभग 400 पुरुष और महिलाएं इस सामूहिक शस्त्र पूजन में सम्मिलित हुए। शस्त्र पूजन का शुभारंभ आठ विद्वान पंडितों द्वारा गणेश वंदना, वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ किया गया। इस पवित्र समारोह में माहेश्वरी सभा के पदाधिकारियों के साथ रांची के कई गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया।

## राजधानी दिल्ली के बाद देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में भी होगा झारखंड का अपना भवन

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज मुम्बई में निर्माण होनेवाले झारखंड भवन का प्रोजेक्ट भवन से ऑनलाइन करेंगे शिलान्यास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 14 अक्टूबर को देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में बननेवाले झारखंड भवन की आधारशिला रखेंगे। सोमवार 14 अक्टूबर को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुम्बई में निर्माण होनेवाले झारखंड भवन का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इस तरह देश की राजधानी दिल्ली के बाद मुम्बई में भी झारखंड का दूसरा झारखंड भवन होगा।

**कहां बनेगा झारखंड भवन**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन मुम्बई में नया झारखंड भवन की आधारशिला रखेंगे। वह मुम्बई में सेक्टर 30अ,वाशी,नवी मुंबई, महाराष्ट्र में बनेगा।

**इनकी भी रहेगी उपस्थिति**

**प्रोजेक्ट** भवन में आयोजित इस शिलान्यास समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थिति रहेंगे।

## भाजपा सहित विभिन्न दलों से युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रविवार स्थान झारखंड मुक्ति मोर्चा से राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी जी के आवासीय कार्यालय में रांची के विभिन्न क्षेत्रो से भाजपा सहित अन्य दलों से आए युवाओं का जमावड़ा मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर महुआ माजी जी के आवास पहुंचा। इस अवसर पर युवाओं ने एक स्वर में कहा कि माननीय राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी जी के द्वारा आम जनों के हित के लिए किए जा रहे हैं कार्यों से लोग प्रभावित होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ज्वाइन कर रहें हैं, माननीय सांसद महोदया ने उन्हें पार्टी का अंग वस्त्र देकर पार्टी में शामिल कराया। अपने आवासीय कार्यालय में इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय राज्यसभा सांसद डॉ॰ महुआ माजी जी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष वीर शिबू सोरेन के नेतृत्व और आशीर्वाद से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी लगातार झारखंड हर के लोगों की जरूर को महसूस करते हुए हमेशा काम किया है और आगे भी करते रहेंगें हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में बढ़ते झारखंड के हर लोगों का सपना साकार होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमवित माजी,नन्द किशोर सिंह चंदेल, अनीश



वर्मा ने अपना योगदान दिया। आज के सदस्यता ग्रहण करने आए लोग का नेतृत्व संजीव मिश्रा, अंकित शमा,विवेक सिहं, राकेश कुमार, चंदन सिंह, रीशी सिंह ,विपुल सिंह ,अंतेश मिश्रा ,मनोज राय ,नितेश पाण्डेय ,रोनित कुमार ,राहुल राजभर ,शुभम साहु ने किया साथ में सहयोगी के रूप मंदीप विजय सिंह, अमित कुमार, गौतम कुमार, युवराज सिंह, अभिनव यादव, आकाश राम, साहिल वर्मा, संदीप कर्मकार, प्रीत कुमार, नितेश, अंकित, रोनित, चीकू, राकेश कुमार, संजीव कुमार मिश्रा, नितेश पांडे, विवेक सिंह, विपुल सिंह, अनिमेष कुमार, आर्यन वर्मा, दिलीप मुंडा, अनुराग सिंह, गोलू कुमार, विकास कुमार, अमन सिंह, राज लकड़ा, प्रेम यादव, सतीश उरांव, सुमित वर्मा आदि लोगों ने पार्टी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।

## नामकुम में घोष बंग समाज सिंदूर खेला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम स्थित सदाबहार चौक मां कालीबाड़ी चाय बागान में घोष बंग समाज कि ओर से महिलाओं ने विजयदशमी के शुभ अवसर पर घोष बंग समाज के द्वारा सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां की प्रतिमा पर पुष्प चढ़कर दीप प्रज्वलित कर डांडिया का आयोजन किया गया। मां काली बाड़ी वेंकट हॉल से शोभा यात्रा दुर्गा मंदिर के परिसर पहुंची जहां पारंपरिक रूप से एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मुंह मीठा कराया साथी ही घोष बैंक समाज के महिलाओं ने डांडिया कर मंदिर के परिसर में सभी को झुमाया और भक्ति आरती की गई। घोष बंग समाज के लोगों ने मां की भावभीनी विदाई दिए और आने वाले सालों में आने का इंतजार भी रहने का की बात की घोष बंग समाज के सदस्य द्वारा मंदिर के पदाधिकारी की चुनरी देख का सम्मानित किया एवं दुर्गा मंदिर के पदाधिकारी द्वारा भी घोष बंग के समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। नवयुवक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया सम्मानित अखिलेश यादव, मनोज ठाकुर , प्रमोद सिंह ,नारायणी राय ,संजीव सिंह, सुशीला देवी ,प्रमोद पंडित,टुनटुन सिंह , नीरज कुमार,वही घोष वांग समाज में सम्मानित पाने वालों में अध्यक्ष विमल घोष, बबन घोष, राजू घोष, प्रदीप घोष, चंचल घोष, भास्कर गोराई, सहदेव घोष, मिठू घोष, रिंकू घोष, बेबी घोष,और सोनाली घोष, मीरा घोष, मंच का संचालन रामपाल सिंह ने किया लखी घोष, मिताली घोष, मिट्ठू प्रियंका घोष, बप्पी घोष, घोष रिंकू घोष बेबी घोष, मिठू घोष, सुजल घोष को सम्मानित घोष समाज के अध्यक्ष विमल घोष ने किया इस मौके पर अध्यक्ष विमल घोष ने कहा कि सिंदूर खेला का आयोजन विगत तीन वर्षों से इसकी शुरूआत की गई। यह सिंदूर खेला एक दूसरे का प्रेम का प्रतीक और भाईचारे का संदेश देता है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस सिंदूर खेला छोटे बड़े को सिन्दूर लगा कर आदर और समान करने का प्रतीक दिलाता है।

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का 09 दिन 09 कन्या कार्यक्रम

## कन्याओं के बीच पौस्टिक आहार का वितरण



**रांची :** झारखंड प्रांत युवा मंच के 09 दिन 09 कन्या कार्यक्रम के अंतर्गत रांची समर्पण शाखा द्वारा बच्चों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इसमें बच्चों के बीच में जूस और फल का वितरण किया गया। साथ ही, जंक फूड से कैसे दूर रखा जाये, इसकी जानकारी बच्चों को दी गयी और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए योग की भी जानकारी दी गयी। यह कार्य R.B. Springdale किशोर गंज में किया गया। इसके अलावा बच्चों के बीच अन्नपूर्णा सेवा चलायी गयी, जिसमे बच्चों को हेल्थी फूड, जूस एवं मिठाई दी गयी। साथ ही, बच्चों को यह भी कहा गया कि इसे खाने से वे हमेशा हेल्दी रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। इस कार्य में संयोजिका और प्रभारी का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, पायल जैन, स्मिता अग्रवाल, कविता जालान, दिशा जैन उपस्थित रहीं।

## भूखे और जरूरतमंद को भोजन खिलाने से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल ने विजयदशमी पापांकुशा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य मे मंदिर मे श्री राज श्यामा जी को चंदन वंदन कर वहा उपस्थित सभी श्रद्धालुओ एव गुरु महाराज के शिष्यों को चंदन वंदन कर 171वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण प्रारंभ किया। उसके पश्चात 171वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 1300 श्रद्धालुओ के बीच वितरण किया गया। मंदिर परिसर मे आये हुए सभी धर्म प्रेमीजनो एव श्रद्धालुओ ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 171 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। रविवार दिनांक 13 अक्टूबर 2024 को 171वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन पापांकुशा एकादशी व्रत एव दशहरे के सुअवसर पर अपने पुत्र राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल बिजय,नवल योगेश नितिन श्रेष्ठ एव अग्रवाल परिवार के सौजन्य से की गई। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 13 अक्टूबर 2024 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पुंदाग ळ.ड.ढ. के पीछे, पुंदाग,राँची के प्रांगण में वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले लगभग 900 श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों एव सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम(सत्य-प्रेम सभागार) मे रहने वाले मंदबुद्धि प्रभु जी एवं उनके देखरेख करने वाले सेवा साथियोंञमंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 171 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद में पुडी, कचोडी, दाल मखानी,आलु टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवम मिठाई में केसरीया खीर,आलु चिप्स सभी आये हुए श्रद्धालुओको विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया।

## एक झलक

### प्रवासी मजदूर हेमलाल महतो का शव पैतृक गांव पहुंचते ही माहौल हुआ गमगीन

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जोबर पंचायत निवासी प्रवासी मजदूर हेमलाल महतो का शव पैतृक गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। बताते चलें कि विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जोबर गांव के पारटांड़ के 35 वर्षीय हेमलाल महतो की मौत 26 सितंबर को कैमरून में हो गयी थी। हेमलाल महतो वहां के ट्रांसरेस लाइटिंग लिमिटेड की कंपनी में काम करता था। बताया गया कि इस मजदूर को पांच सितंबर को भारत से ट्रांसमिशन में काम करने के लिए कैमरून ले गया था। प्रवासी मजदूर की मौत के बाद ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से 5 लाख रुपये दी जा रही है। लेकिन परिवार की सहमति नहीं होने पर हजारीबाग सदर अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया। लगातार जोबर पंचायत के मुखिया चेतलाल महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तम महतो, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र उर्फ माही पटेल, समाजसेवी विजय प्रसाद, सिकंदर अली, धर्मेन्द्र कुमार महतो के अथक प्रयास से कंपनी के द्वारा मुआवजा में उनके परिजनों को 12 लाख रुपए राशि की चेक दी गयी।

### डॉ. अमित सिन्हा ने दलित बच्चियों के साथ बिताये अनमोल पल

**हजारीबाग** : सदर प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव तुराव में डॉ. अमित सिन्हा ने दलित बच्चियों के साथ अनमोल पल बिताए। रामचंद्र राम के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. सिन्हा ने बच्चियों को माता स्वरूप मानकर उन्हें उपहार भेंट किये। उनके चेहरों पर आई खुशी और मासूम मुस्कान ने सभी का दिल जीत लिया। डॉ. सिन्हा ने बच्चियों के साथ भोजन भी किया, जिसमें उन्हें गहरी आत्मीयता और अपनापन महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि इन पलों ने उन्हें समानता, सम्मान और मानवता की असली परिभाषा से रूबरू कराया। डॉ. अमित सिन्हा ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कि वे समाज के हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे, खासकर उन लोगों के साथ जो हाशिये पर हैं। उन्होंने कहा, अंतिम पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति के जीवन में खुशी और आत्मसम्मान लाना मेरा उद्देश्य है, और मैं यह संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा हूं।

### बिजली घर प्रतिष्ठान का सांसद ने किया उद्घाटन

**हजारीबाग** : मालवीय मार्ग के रानी सती मंदिर स्थित बिजली घर प्रतिष्ठान का उद्घाटन क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल ने किया। ज्ञातव्य हो कि यह प्रतिष्ठान विगत 30 वर्षों से गुरु गोविंद सिंह रोड में ग्राहकों के बीच अपनी अलग पहचान रखते हुए विश्वसनीय सेवा ग्राहकों को दे रही है। प्रतिष्ठान संचालक सुबोध अग्रवाल एवं अंकित कंसल ने बताया कि यह नया शोरूम ढेर सारी सुविधाओं के साथ ग्राहकों के बीच अपनी बेहतर सेवा लेकर आया है। मौके पर फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, शंभू नाथ मोदी, आलोक रंजन, मोनिका अग्रवाल, रीता अग्रवाल, ऋषिकेश प्रसाद, जीत सिंह, सच्चिदानंद, विनोद कुमार, बेगिन अजीत कुमार, उदय आदि उपस्थित थे।

# नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू** : प्रखंड क्षेत्र मे दस दिनों तक चलने वाला मां दुर्गा की पूजा का त्योहार दशहरा शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रखंड के. श्री श्री दुर्गा पूजा समिति दारु बक्शीडीह, सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति दारु खैरका, दुर्गा पूजा समिति पुनाई मे गाजे बाजे के साथ माता की प्रतिमा को शनिवार को बिसर्जित कर दिया गया। सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति झुमरा मे रविवार को माता की प्रतिमा का बिसर्जन किया गया। बिसर्जन जुलुस मे बड़ी संख्या मे माता के भक्त दुर्गा माता के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए और नम आंखों से माता रानी को विदा किया। इससे पूर्व विजयादशमी के मेले मे भी भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी और लोग पूरे परिवार के साथ मेले का आनंद उठाते हुए नजर आये। दारु और झुमरा मे बंगाल की टीम द्वारा पेश किया गया छउ नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। दारु मे माता की प्रतिमा को भक्तगण अपने कांधे पर उठाकर बिसर्जन के लिए ले जाते है जिसे उठाने के लिए भक्तो मे होड़ लगी रहती है।

## ओरिया में मां भगवती की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजा सम्पन्न, शोभायात्रा में उमड़ी भारी भीड़



**हजारीबाग** : शारदीय नवरात्रि के विजयादशमी को दिन शनिवार की रात्रि सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया में जगतजननी मां भगवती की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही दुर्गा धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा से पूर्व दुर्गा मंडप पूजा पंडाल के समीप स्थित मंच पर पगड़ी रस्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महासमिति के पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्यों को पगड़ी पहनाकर शोभायात्रा की शुरूआत हुई। दुर्गा मंडप स्थित पूजा पंडाल में महिलाओं ने माता की प्रतिमा को कोइछा भरते हुए सिंदूर खेला के रस्मों को पूरा किया। वृद्ध महिलाओं से लेकर नवविवाहिताओं ने मौके पर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर और सिंदूर उड़ाकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। शाम ढलते ही शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा दुर्गा मंडप स्थित पूजा पंडाल से होकर स्कूल चौक, जगृति चौक, ओरिया- बिरबीर रोड, हनुमान चौक, पानी टंकी, फोरलेन से वापसी होकर प्रभु चौक, प्रेम चौक, हरिजन मुहल्ला होते हुए सालों पुराने परंपरा के अनुसार जोडा तालाब के जलाशय में विधिवत आरती कर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। गाजे-बाजे के साथ मां भगवती की गीत- संगीत में श्रद्धालुओं ने खुब थिरके व जमकर भगवत जयकारा के साथ अगले बरस तु जल्दी आना मां का जयकारा लगाया।

## विष्णुगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा को नम आंखों से दी गयी विदाई



**विष्णुगढ़** : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न जगहों पर रावण दहन कर दशहरा पर्व पूरे धूमधाम से संपन्न हो गया। इस दौरान विष्णुगढ़ चैती दुर्गा मंदिर में छह वर्षों से लगातार बच्चों द्वारा आयोजित एवं गोविंदपुर में रावण दहन में महिला पुरुष भक्तों की जनसैलाब उमड़ पड़ी। दुर्गा पूजा त्यौहार में विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक दुर्गा मंदिर, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रामुआ,गोविंदपुर दुर्गा मंदिर,कोनारडैम दुर्गा मंदिर,करगालों दुर्गा मंदिर, मडमो दुर्गा मंदिर,नरकी दुर्गा मंदिर, गाल्होबार दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ जगत जननी मां दुर्गा की उपासना की गई। शनिवार को चेडरा पंचायत के बंशीधर अखाड़ा चौक में स्थित दुर्गा मंदिर में विजयादशमी के दिन माँ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। शनिवार को महंत घराने द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा में प्रातः विजयादशमी पूजन कर भव्य आरती की गई एवं प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात पुरानी परंपरा के अनुसार अपराजिता पूजन कर जयंती ग्रहण किया गया। परंपरागत अखंड ज्योति स्थापित की गई।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने भव्य विसर्जन जुलूस के साथ मां दुर्गा को दी भावपूर्ण विदाई

## जुलूस हमारी संस्कृति, आस्था और एकजुटता का प्रतीक है : अध्यक्ष

**हजारीबाग** : शहर के सबसे चर्चित बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा शनिवार को सुबह दशमी की पूजा अर्चना के पश्चात माता रानी पर चढ़े श्रृंगार को श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। वही संध्या करीब 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा पूजा पंडाल से ग्वाल टोली चौक,सरदार चौक,बड़ा बाजार चौक,बंशीलाल चौक,भगत सिंह चौक,झंडा चौक,पैगोडा चौक, छठ तलाब,आनंदा चौक होते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंच कर मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। शोभा यात्रा के दौरान महासमिति के अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम पदाधिकारियों को माता रानी की चुनरी ओढ़कर शोभा यात्रा में सम्मिलित किया। शोभायात्रा में भाजपा नेता हर्ष अजमेरा शामिल हुए, बाहर से आए कलाकारों की प्रशंसा की महासमिति के लोगों ने माता रानी की चुनरी भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों को उनके समर्पण और कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी और इस भव्य जुलूस में जनता की भारी भागीदारी को भी सराहा। भव्य शोभायात्रा के दौरान महिलाएं लाल पीली साड़ी,पुरुष कुर्ते पजामा में शामिल हुए। बच्चे गुलाल से खेलते हुए माता रानी को अंतिम विदाई दिये। शोभा यात्रा मे विशेष आकर्षण रहा कुण्डेश्वर डमरू दल, उज्जैन की प्रस्तुति। उनके दमदार और ऊजार्वान ढोल-नगाड़ों की धुनों पर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। यह दल अपनी अनूठी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए प्रसिद्ध है और उन्होंने इस यात्रा को एक सांस्कृतिक उत्सव में बदल दिया। वही बंगाल से आए ढाक की प्रस्तुति लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा में पीछे पीछे हजारों महिलाओं के बीच प्रसिद्ध भजन गायक की मंडलियों ने भी भाग लिया। प्रसिद्ध भजन गायक की उपस्थिति ने माहौल को और भी धार्मिक और उत्साहपूर्ण बना दिया। उनके मनमोहक भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को न केवल भक्ति के सागर में डुबोया, बल्कि यात्रा के मार्ग में हजारों श्रद्धालु झूमते और नाचते नजर आए। उनके द्वारा गाए गए भजनों ने शहरवासियों के दिलों को छू लिया। जुलूस में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वे मां दुर्गा की जयकार और आस्था के नारों के साथ पूरे उत्साह से शोभायात्रा में शामिल रहें सभी मार्गों पर श्रद्धालुओं ने मां की आरती और पूजा-अर्चना की। विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा और अनुशासन को बनाए रखने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम थे। नवयुवकों की टोली ने जमकर नृत्य किया। वहीं महिलाओं ने गायक के गीत पर जमकर नृत्य करते हुए बुढ़वा महादेव तालाब की ओर बढ़ रही थी, साथ ही साथ तमाम श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना किया। श्रद्धालुओं ने अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंचकर माता रानी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया,यह क्षण भावुक और आस्था से परिपूर्ण था, जब श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को अगले वर्ष फिर से आने का न्योता दिया। तत्पश्चात तमाम श्रद्धालुगण पुनः पूजा पंडाल पहुंचकर माता रानी के शांति जल प्राप्त किया। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि भव्य विसर्जन शोभा यात्रा में जिस तरह युवाओं एवं महिलाओं ने नृत्य करते हुए शोभा यात्रा को सफल एवं ऐतिहासिक बना है वो एक अतुलनीय है।



## विधायक अकेला ने 03 सड़क व 01 ट्रांसफार्मर के उद्घाटन के साथ किया शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : प्रखण्ड में विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के प्रयास से लगातार विकास के कार्यों में गति देने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को विधायक श्री अकेला ने तीन सड़क व एक ट्रांसफार्मर के उद्घाटन के साथ तीन अन्य सड़क का शिलान्यास किया। सबसे पहले विधायक ने मुख्य पथ से लखावर से अमरनाथ राम के घर तक 01 किमी पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास, उसके बाद कैरी पिपराही में मुख्य पथ से तिलक भुईयां घर तक पीसीसी पथ निर्माण का उदघाटन, उसके बाद प्राथमिक विद्यालय भदान तक पीसीसी पथ निर्माण का उदघाटन, फिर दैहर में पांती आहार जीर्णोद्धार का शिलान्यास, दैहर के प्रयाग मोहल्ला में ट्रांसाफार्मर का उदघाटन, दैहर में पीसीसी पथ निर्माण का उदघाटन, और अंतिम में उच्च विद्यालय डेबो में विद्यालय उन्नयन कार्य का शिलान्यास विधायक ने अपने कर कमलों से किया।

## बसरिया में डांडिया नृत्य का आयोजन, पूर्व विधायक हुए शामिल

## डांडिया नृत्य भारतीय संस्कृति का अंग : मनोज यादव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : प्रखंड के बसरिया में नवरात्रि के अवसर पर डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। महिलाओ के साथ बच्चे भी खूब झूमे। पूर्व विधायक ने पूजा पंडाल के समीप नृत्य का शुभारंभ किया। कहा नवरात्र देवी की उपासना का पर्व है। हमारे देश मे नारियों की पूजा होती है। नवरात्र में डांडिया का अपना महत्व है। डांडिया नृत्य भारतीय संस्कृति का अंग है। सप्तमी से नवमी तक बसरिया में प्रतिदिन नृत्य का आयोजन हुआ। मंच संचालन शिक्षक प्रेम कुमार ने किया। मौके पर जीप सदस्या आरती कौशल, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, पड़रिया मुखिया पप्पू रजक, भाजपा नेता पिंटू सोनी, शिक्षक भुनेश्वर साव, रामधनी डांगी, विजय साव सहित अन्य।

## पेलावल ओपी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने किया पद ग्रहण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**कटकमसांडी** : पेलावल में नए प्रभारी के रूप में वेद प्रकाश पांडे ने पद ग्रहण किया है दुर्गापूजा के नवमी के दिन अचानक पद भार ग्रहण करना अपने आप में एक चुनौती है क्योंकि नया क्षेत्र किसी भी प्रभारी के लिए एक चुनौती रहता है वह भी त्योहार में, परंतु नए प्रभारी ने कहा की दुर्गा पूजा को सही तरीके से समापन करने में मैं पूरी तरह से सक्षम हूं और मैं किसी भी तरह की जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटूंगा और मैं अपने कार्य को बखूबी जानता हूं और उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया है कि आप लोग निसंकोच होकर हम पर भरोसा कीजिए आपके समस्या का निष्पादन शीघ्र किया जाएगा। जब हमने थाना प्रभारी से बात की तो उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में आने वाले सभी स्थानों को अपराध मुक्त बनाना है कोई भी इंसान अपनी छोटी बड़ी सारी समस्याओं को लेकर हमसे डायरेक्ट मिल सकता है उनकी समस्याओं को दूर करने ही के लिए हम बैठे हैं और उन्होंने कहा कि मैं जनता की सेवक हूं मुझे जनता का सेवा करने के लिए चुना गया है मेरी पहली प्राथमिकता है कानून व्यवस्था को बनाए रखना और जनता के साथ न्याय करना चाहे वह जनता किसी भी वर्ग से आता हो गरीब हो या अमीर न्याय पहले होना चाहिए क्षेत्र में नशा करने वाले लोग सुधर जाए क्योंकि अब कोई बचने वाला नहीं है नशा और चोरी करने वालों की खैर नहीं।

## सिन्दरी में विजयादशमी पर हुआ रावण दहन कार्यक्रम

## असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक रावण का हुआ वध

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : सिंदरी में विजयादशमी उत्सव पर शिव मंदिर परिसर में रावण दहन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपराह्न 1 बजे से ही शिव मंदिर परिसर में लोगों का जुटान शुरू हो गया था। दिन ढलते ढलते हजारों बच्चो ,पुरुष और महिलाओ से मंदिर परिसर खचाखच भर गया था। लगभग तीन बजे शिव मंदिर परिसर से महावीरी झंडा जुलूस निकाला गया।जुलूस का आयोजन अक्षय सिंह ने किया। जुलूस में पारंपरिक शस्त्रो से लैस थे युवक शस्त्र प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान दशहरा का आकर्षण राम लक्ष्मण और हनुमान की झांकी निकाली गई।रथ पर सवार राम लक्ष्मण हनुमान की झांकी ने नगर भ्रमण किया। अपराह्न लगभग 5.45 में रावण दहन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री रागिनी सिंह का पदार्पण हुआ। आयोजन समिति के सचिव दिनेश सिंह ने रागिनी सिंह का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि निदेशक बीआईटी सिंदरी डॉ पंकज राय, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, आप नेता डीएन सिंह, जिप अध्यक्ष निर्मला सिंह, समाज सेवी मुकेश कुमार उर्फ राजू तिवारी और विहिप के जिला महामंत्री सोनू गिरी थे। जिन्हे कामेश्वर सिंह, बृजेश सिंह, संजय सिंह, दीपक कुमार दीपू, मणीभूषण सिंह, रास बिहारी सिंह, विदेशी सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अपराह्न लगभग 6 बजे रागिनी सिंह ने फीता काटकर रावण दहन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके साथ ही आतिशबाजी शुरू हो गयी, रंग बिरंगे आतिशवाजी से आसमान ढक गया प्रतीत होता था। इसके साथ ही ढोल और नगाडों के युद्ध ध्वनी के बीच राम रावण स्वांग युद्ध शुरू हो गया।राम का तीर ज्योंही विशालकाय रावण के नाभी मे लगा और रावण का पुतला धूम धडाके के साथ धू धू कर जल उठा , और देखते देखते असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक रावण का वध हुआ।





## गो तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज, दो गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू** : थाना क्षेत्र के सुल्तानी रविदास टोला के ग्रामीणों ने दो गौ तस्करो को पकड़कर थाना को सौंप दिया। दारु थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पकड़े गये दो युवकों के खिलाफ अवैध गौ तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत मे भेज दिया।यह घटना सोमवार की सुबह की है जब दारु जबरा निवासी शौकत अंसारी के दो पुत्र शोयब अख्तर और सोहैल अंसारी एक बाइक से गाय को लादकर. सुल्तानी यादव टोला से जबरा जा रहा था, तभी ग्रामीणों की नजर पड गयी। ग्रामीणों ने बाइक को रोककर पूछताछ शुरू किया तब पता चला कि दोनो युवक प्रख्यात गौ तस्कर शौकत अंसारी के पुत्र है और वे भी अब गौ तस्करी के कार्य मे जुड़ गये है। इस मामले की जानकारी थाना प्रभारी को मिलने के बाद त्वरित करवाई करते हुए दोनो युवक को हिरासत मे ले लिया और दारु थाना मे कांड संख्या 116/24 मे दोनो के खिलाफ सुसंगत धारा मे मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। इस घटना की सूचना पर एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद, अंचल इंस्पेक्टर साहीद रजा भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, बलदेव बाबू, संजय कुशवाहा, संदीप कुमार, प्रकाश राणा, बीरेंद्र यादव, विकाश यादव, छोटू राम, सुरेश राम, बैजनाथ राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग सांसद व चुरचू मंडल अध्यक्ष का प्रयास लाया रंग

■ **विजयादशमी के शुभ अवसर पर हजारीबागवासियों को मिला बड़ा तोहफा**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : चरही चुरचू मंडल अध्यक्ष के द्वारा चरही रेलवे स्टेशन में हरी झंडी दिखाकर स्वागत किया हजारीबाग से मुंबई जाने वालों के लिए खुशखबरी, गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच बरकाकाना, हजारीबाग होकर चलेगी नई ट्रेन हजारीबाग की वर्षो की मांग हुई पूरी, हम बस कहते नहीं करके दिखाते हैं मंडल अध्यक्ष शशि कुमार साव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के अथक प्रयास के उपरांत हजारीबाग शहर व बरकाकाना होते हुए मुंबई के लिए एक एक्सप्रेस ट्रेन की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए रेल मंत्रालय ने गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन (22358/59) को मंजूरी दे दी है। गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के बीच शुरू होनेवाली यह नयी ट्रेन गया से शाम 07 बजे खुलेगी और 34 घंटे 50 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जो रांची-जमशेदपुर-नागपुर के रास्ते जायेगी। जबकि लोकमान्य तिलक टर्मिनस से ट्रेन रात 10:50 बजे खुलेगी और 38 घंटे 25 मिनट में गया पहुंचेगी। इस ट्रेन का सड़क पर 21 स्टॉपेज होगा जिसमें कोडरमा, हजारीबाग शहर, बरकाकाना, मेश्रा, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बांदेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, नासिक और कल्याण रेलवे स्टेशन शामिल है। यह ट्रेन गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनस से क्रमशः बुधवार और शुक्रवार को छोड़कर सभी दिन चलेगी। यह ट्रेन 22 एलएचडी कोचों से बनी है और इसका प्राथमिक रख-रखाव गया में किया जाएगा। मौके पर चुरचू मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ने खुशी का इजहार करते हुए कहा की दहशरा के विजयादशमी के शुभ अवसर पर रेलवे का यह विशेष सौगात हजारीबाग वासियों के लिए अनुपम है। उन्होंने इस नई ट्रेन के सौगात के और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सांसद मनीष जायसवाल का आभार भी जताया। यह भी कहा की हजारीबाग वासियों की वर्षों की लंबित मांग पूरी हुई इससे मुझे बेहद खुशी है। उन्होंने कहा की हम बस कहते ही नहीं कर-के दिखाते हैं ज्ञात हो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से विभिन्न महानगरों के लिए लम्बी दूरी की ट्रेनों के परिचालन हेतु आग्रह किया था। जिसे प्रवासी श्रमिकों, व्यवसाई और विद्यार्थियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों ने सोशल मीडिया और उनसे मिलकर विशेष समर्थन दिया था। चरही रेलवे स्टेशन में मुख्य रूप से शामिल जश्न मनाने में बीजेपी चुरचू मंडल अध्यक्ष शशि कुमार, भोला महतो, संजय साव, राकेश सिंह, रुपलाल यादव, गब्बर सिंह, रोशनी देवी, रोहित महतो, मुखिया बृज बिहारी महतो संगीता देवी, फुलेश्वर महतो नरेश महतो वीणा मिश्रा साहित पार्टी के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## पदमा में पेड़ से टकरायी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, 06 लोग घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पदमा** : जिले के पदमा प्रखंड मे एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। घटना पदमा इटखोरी मार्ग स्थित शशि मेडिकल हॉल के समीप की हैं जहां शनिवार देर रात को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। संतुलन खोने के बाद एक स्कॉर्पियो गाड़ी नंबर JHO2 इफ0411 सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कार्पियो में आग लग गई। गनीमत रहा की वहां कुछ ग्रामीण उपस्थित थे, ग्रामीणों ने तुरंत स्कॉर्पियो मे सवार लोगो को बाहर निकाला और घायलो को बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। आसपास के लोगों का कहना है कि चालक तेज रफतार से सरैया मेला देखने जा रहे थे इसी क्रम मे गाड़ी का संतुलन खोया और पेड़ से टकरा गयी, इधर घायलों की पहचान रणवीर यादव पिता निवास यादव, सनी यादव पिता विजय यादव, जीतन ओझा पिता रामविलास ओझा, कुलदीप रविदास पिता बनारसी रविदास, शोमित सिंह पिता संजय सिंह, देव कुमार पिता भैरव साव सहित सभी घायलों की पहचान पदमा निवासी के रूप मे हुई हैं।

सम्पादकीय.....

# अब लहू-लुहान होता महाराष्ट्र

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनावन की घोषणा से पहले ही महाराष्ट्र लहू-लुहान होने लगा है। मुंबई में एनसीपी [अजित पवार गट ] के नेता बाबा सिद्दीकी की सरे आम गोली मरकर हत्या कर दी गयी, हालांकि हत्यारों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया ,लेकिन इस वारदात से पूरी मुंबई सदमे में है, क्योंकि दशहरे पर हुई इस वारदात को सूबे के लिए शुभलक्षण नहीं माना जा रहा। मैंने कल ही सियासत में ठण्ड रखने की बात कही थी,लेकिन मेरी बात नक्कारखाने में तूती की आवाज से ज्यादा हैसियत नहीं रखती। जनता तो मोदी और मल्लिकार्जुन की आवाजों को सुनकर हलकान है। मोदी कांग्रेस को अर्बन नक्सलियों द्वारा संचालित बता रहे हैं और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाजपा को आतंकवादी पार्टी कह दिया है। जनता किसकी बातों पर यकीन करे और किसकी बात पर नहीं? मोदी जी सरकार हैं और खड़गे साहब विपक्ष। या तो दोनों अपनी-अपनी लक्ष्मण रेखाएं लांघकर बोल रहे हैं या फिर दोनों की बातों में दम है। जो भी तो परेशान जनता है। हरियाणा और जम्मू-काश्मीर के बाद विधानसभा चुनावों के जरिये अपने आपको प्रमाणित करने का अगला मुकाम महाराष्ट्र ही है। महाराष्ट्र हर मामले में दूसरे सूबों से अलग है। इस सूबे में देश की आर्थिक राजधानी है, फिल्मी दुनिया है और ये शहर आतंकवाद के हमलों का भी शिकार रह चुका है। यहां नबंवर 2024 में विधानसभा चुनाव होने है। सत्तारूढ़ दल शिवसेना [एकनाथ शिंदे जुट] और भाजपा के गठबंधन सरकार की दशा इस समय बहुत अच्छी नहीं है, लेकिन ये गठबंधन दोबारा सत्ता में बनने रहने के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए कमर कसककर बैठा हुआ है। सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या राजनीतिक कारणों से की गयी या किसी और वजह से इसका पता फौरन नहीं लगाया जा सकता। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। हत्या का राज देर-सवेर खुलेगा ही, लेकिन समझा जाता है कि इसके पीछे कोई न कोई साजिश,कोई न कोई सियासत जरूर होगी, क्योंकि बाबा सिद्दीकी तीन बार के विधायक और मुंबईमें अल्पसंख्यकों के स्थापित नेता ही नहीं थे बल्कि फिल्मी दुनिया में टूटी कड़ियाँ जोड़ने वाले नायक भी थे। वे अनेक खानों कि दोस्त भी थे।

सवाल ये है कि सियासत को अर्बन नक्सली और आतंकवादी क्यों बनाया जा रहा है? शुरूआत मोदी जी ने की कांग्रेस को अर्बन नकसली कहकर। जबाब में खड़गे साहब ने भाजपा को आतंकवादी कह दिया। ये कड़वाहट की इंतिहा है। यदि कांग्रेस सचमुच अर्बन नक्सली पार्टी है तो सरकार दस साल से हाथ पर हाथ रखकर बैठी क्यों है। सरकार को कांग्रेस को फौरन प्रतिबंधित कर देना चाहिए था। और यदि मोदी जी जल्दबाजी में कांग्रेस के बारे में गलत बात कह गए थे तो उन्हें समय रहते इसे दुरुस्त कर लेना चाहिए था। उन्होंने और उनकी पार्टी ने कांग्रेस को पहली बार अर्बन नक्सलीय नहीं कहा है। ऐसा पहले भी अनेकों बार देखा जा चुका है। लेकिन भाजपा को आतंकवादी पार्टी पहली बार कहा गया है। भाजपाके ऊपर अभी तक साम्प्रदायिक, हिंदूवादी, सनातनी, अल्पसंख्यक विरोधी पार्टी होने के आरोप तो लगे हैं किन्तु आतंकवादी होने का आरोप पहली बार लगा है। हालांकि भाजपा की मातृ संस्था आरएसएस को कांग्रेस के तमाम नेता आतंकवादी संगठन अवश्य कह चुके हैं। मुमकिन है कि दोनों दलों की और से एक -दूसरे पर लगाए जा रहे आरोपों में कोई दम भी हो और ये भी हो सकता है कि दोनों दल अपनी-अपनी खीज मिटाने के लिए ऐसे गंभीर आरोप लगा रहे हैं। सवाल ये है कि जनता किस दल को क्या माने? एक तरफ सांपनाथ हैअन तो दूसरी तरफ नागनाथ। जनता की तो फजीहत है। जनता के मुद्दे तो इस स्थि लतियाव में बहुत पीछे होते जा रहे हैं। पूर्व विधायक और एनसीपिनेता बाबा सिद्दीकी की हत्या ने इस बात की आशंका और बढ़ा दी है कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव इस बार शन्तिपूर्वक होंगे भी या नहीं ? 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 15 वीं बार चुनाव अगले महीने होना है। मौजूदा भाजपा शिवसेना गठबंधन ने गठबंधन में कुल 161 सीटें जीतकर विधानसभा में आवश्यक 145 सीटों के बहुमत को पार कर लिया। व्यक्तिगत रूप से बीजेपी ने 105 और सेना ने 56 सीटें जीतीं।

## ● किसने क्या कहा



भौतिक सम्पदाओं का सदुपयोग कर मध्य प्रदेश को बनायें आर्थिक सुसम्पन्न

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है

डॉ. हिमंत बिस्व सरमा
मुख्यमंत्री



# हरियाणा में जीती बाजी हार गयी कांग्रेस

विशेष — सुरेश हिन्दुस्थानी

> राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को जमीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी।

**अभी** हाल ही में देश के दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के बाद तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। जहां हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता प्राप्त की है, वहीं अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा को खास सफलता नहीं मिली। जम्मू-कश्मीर में भाजपा को इस बार कुछ अच्छा होने की उम्मीद थी, लेकिन वहां अनुच्छेद 370 की प्रबल समर्थक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है। इसका आशय यही निकलता है कि जम्मू -कश्मीर के घाटी वाले हिस्से में मिलाजुला जनादेश मिला है। वहीं, हरियाणा की बात की जाए तो इस प्रदेश में कांग्रेस की असफलता का एक बड़ा कारण गठबंधन नहीं होना ही माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस को यह गुमान हो गया था कि वह अपने दम पर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेगी लेकिन कांग्रेस को एक बार फिर निराश होना पड़ा। कांग्रेस की इस पराजय ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। यह सच है कि अगर हरियाणा में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों में समन्वय हो जाता तो शायद परिणाम भिन्न हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों की अनसुनी करके अपनी पराजय का मार्ग तैयार कर लिया। अब कांग्रेस इस हार को प्रादेशिक नेतृत्व के सिर मढ़कर केंद्रीय नेतृत्व को बचाने की जुगत में लग गई है। जबकि पूरे चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व की अप्रत्यक्ष कमान संभाल रहे राहुल गांधी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित थी। यहां तक कि कांग्रेस ने जीत के जुलूस की भी व्यापक तैयारी की थी। हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को जमीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी। कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की लड़ाई में दुश्मन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो दिखते तो बिल्कुल दोस्त जैसे हैं, लेकिन जहां अवसर मिलता है, वे सामने वाले के पैर खींचने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के बीच इसी प्रकार की दुश्मनी दिखाई दी। प्रदेश की प्रमुख महिला नेता शैलजा तो जैसे कोपभवन में ही बैठ गई थीं। वे जब सक्रिय हुई तब तक कांग्रेस बहुत प्रचार अभियान में बहुत पीछे जा चुकी थी। हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के विरोध में किसान और पहलवान एक प्रकार से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए देशभर के आंदोलनों के सूत्रधार बने हुए थे। कांग्रेस चाहती तो इस वातावरण का राजनीतिक लाभ प्राप्त कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस के नेता स्थिति का अध्ययन इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि वे इस बात के लिए पूरी तरह आश्वस्त हो चुके थे कि कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। बस कांग्रेस यहीं बड़ी चूक कर गई और हरियाणा में कांग्रेस के सपने एक बार फिर चकनाचूर होते चले गए। ऐसे अब कांग्रेस को सिरे से चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता है। हालांकि देश में 2014 के बाद विभिन्न प्रकार के 47 चुनाव हुए, जिसमें से 36 चुनावों में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा। हर पराजय के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन करने की बात की जाती है लेकिन इस चिंतन में शीर्ष नेतृत्व पर उंगली उठाने का साहस किसी में नहीं होता। अंततः वही होता है, जैसा राहुल गांधी चाहते हैं। वर्तमान में भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन उनकी भूमिका कितनी निर्णायक होती है, यह सभी जानते हैं। हरियाणा में भाजपा की पुनः सरकार बनने का रास्त साफ है, लेकिन कई मायनों में इसे भाजपा की सफलता नहीं माना जा सकता। चुनाव से पूर्व के राजनीतिक हालात भाजपा के पक्ष में कभी भी दिखाई नहीं दिए और न ही भाजपा सरकार के कामकाज से जनता प्रसन्न ही थी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सत्ता के सिंहासन से उतार कर भाजपा ने यह संकेत तो कर ही दिया था कि भाजपा के पक्ष में सब कुछ

# संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन ही क्यों हुई

गौरतलब — प्रहलाद सबनानी

> कलयुग में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हिंदुत्व का स्वाभिमान लेकर हिंदू पद-पादशाही की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा सीमोल्लंघन की परंपरा का प्रारंभ भी इसी पावन दिवस पर किया गया था। रामलीला तथा दुगार्पूजा इन दोनों उत्सवों को, इस विजयशाली दिवस की पावन स्मृति को, लोकमानस में बनाए रखने की दृष्टि से ही मनाया जाता है। विजयादशमी के पावन दिवस पर शस्त्र-पूजन की परंपरा भी है। 12 वर्ष के वनवास तथा 1 वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात पांडवों ने अपने शस्त्रों का पूजन इसी दिन किया था तथा उन्हें पुनः धारण किया था। विजयादशमी के दिन ही परमपूज्य आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते के बाड़े में संवत 1983 तदनुसार 27 सितंबर 1925 ईसवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी अर्थात राष्ट्र जीवन में शक्ति का निर्माण करने के लिए संकल्पित संघ का कार्य भी इसी दिन के शुभ मुहूर्त से प्रारंभ हुआ था।

**भारतीय** परंपरा में, आश्विन शुक्ल दशमी को, अक्षय स्फूर्ति, शक्तिपूजा एवं विजय प्राप्ति का दिवस माना जाता है। किसी भी शुभ, सात्विक एवं राष्ट्र गौरवकारी कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह मुहूर्त सर्वोत्तम माना गया है। विजयादशमी का यह उत्सव आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्तियों की विजय का प्रतीक है। विजयादशमी के दिन ही सतयुग में भगवती मां दुर्गा के रूप में दैवी शक्ति ने महिषासुर का मर्दन किया था। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने वनवासियों का सहयोग लेकर, उन्हें संगठित कर तथा सेतु-निर्माण कर, दुष्ट रावण की आसुरी शक्तियों का विनाश किया था। इसी प्रकार द्वापर युग में श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में दैवी शक्तियों ने आसुरी शक्तियों का विध्वंस किया था। कलयुग में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हिंदुत्व का स्वाभिमान लेकर हिंदू पद-पादशाही की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा सीमोल्लंघन की परंपरा का प्रारंभ भी इसी पावन दिवस पर किया गया था। रामलीला तथा दुगार्पूजा इन दोनों उत्सवों को, इस विजयशाली दिवस की पावन स्मृति को, लोकमानस में बनाए रखने की दृष्टि से ही मनाया जाता है। विजयादशमी के पावन दिवस पर शस्त्र-पूजन की परंपरा भी है। 12 वर्ष के वनवास तथा 1 वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात पांडवों ने अपने शस्त्रों का पूजन इसी दिन किया था तथा उन्हें पुनः धारण किया था। विजयादशमी के दिन ही परमपूज्य आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते के बाड़े में संवत 1983 तदनुसार 27 सितंबर 1925 ईसवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी अर्थात राष्ट्र जीवन में शक्ति का निर्माण करने के लिए संकल्पित संघ का कार्य भी इसी दिन के शुभ मुहूर्त से प्रारंभ हुआ था। वर्ष 2024 में विजयादशमी दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, अर्थात संघ का यह सौवां विजयादशमी उत्सव है। मुगलकाल एवं ब्रिटिश शासनकाल के अंतर्गत हिन्दू लोक जीवन विखंडित हो गया था। हिन्दू धर्म के मूल रहस्यों से अनभिज्ञ आक्रांताओं ने न केवल वैयक्तिक अधिकारों का हनन किया अपितु हिन्दू धर्म के मूल ग्रंथों को भी नष्ट कर दिया। 1000 वर्षो तक सनातन संस्कृति विधर्मियों के प्रहार को झेलती हुई लगभग मृतप्राय बना दी गई थी। साथ ही, जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था। वर्ष 1920 में देश में खिलाफत आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया। उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि ‌‌संघ शक्ति कलौ युगे' अर्थात कलयुग में संगठन ही सर्वोपरि है। इस वाक्य के अनुरूप ही संघ में संगठन को विशेष महत्व प्रदान किया जाता है। अब आवश्यकता है कि मूल्य परक हिन्दू जीवन पद्धति जिससे न केवल मानव अपितु प्रकृति एवं जीव-जन्तु जगत का भी उत्थान सम्भव है, उसे पुनः प्रतिष्ठित किया जाए। इस प्रकार, संघ के प्रयासों से भारत में विस्मृत राष्ट्रभाव का पुनर्जागरण प्रारम्भ हुआ है। भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। मार्च, 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा की बैठक में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं, प्रत्येक मंडल में 12 से 15 गांव शामिल हैं। समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में संघ की प्रेरणा से 40 से अधिक विभिन्न संगठन अपना कार्य कर रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण तथा हिंदू समाज को संगठित करने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश में राजनैतिक कारणों के चलते संघ पर तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया है - वर्ष 1948, वर्ष 1975 एवं वर्ष 1992 में - परंतु तीनों ही बार संघ पहिले से भी अधिक सशक्त और मुखर होकर भारतीय समाज के बीच उभरा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ‌हिंदू‌ शब्द की व्याख्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संदर्भ में करता है जो किसी भी तरह से (पश्चिमी) धार्मिक अवधारणा के समान नहीं है। इसकी विचारधारा और मिशन का जीवंत सम्बंध स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, बाल गंगाधर तिलक और बीसी पाल जैसे हिंदू विचारकों के दर्शन से हैं। विवेकानंद ने यह महसूस किया था कि ‌सही अर्थों में एक हिंदू संगठन अत्यंत आवश्यक है जो हिंदुओं को परस्पर सहयोग और सराहना का भाव सिखाए।

## आज का इतिहास

- हेस्टिंग्स के निकट विलियम के नेतृत्व में नॉर्मन सेना ने 1066 में इंग्लैंड को हराया और वहाँ के राजा हेरॉल्ड द्वितीय की हत्या कर दी।
- स्कॉटलैंड की सेना ने 1322 में अंग्रेजी राजा एडवर्ड द्वितीय को हराया और इस प्रकार स्कॉटलैंड को अंग्रेजी शासन से मुक्ति दिलाई।
- शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना 1882 को की गई। यह ब्रिटिश उपनिवेशवादी सरकार द्वारा कलकत्ता, मुंबई और मद्रास के बाद स्थापित किया गया भारत का चौथा विश्वविद्यालय था।
- वर्ष का चौथा उष्णकटिबंधीय तूफान 1923 को पनामा के ठीक उत्तर में आया।
- जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से बाहर आने की घोषणा 1933 को की।
- जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा 1943 में की।
- हालैंड और इंडोनेशिया के बीच संघर्ष विराम समझौते पर 1946 को हस्ताक्षर किए गए।
- इजरायल और मिस्त्र के बीच 1948 को जबरदस्त लड़ाई शुरू।
- भारत में 1953 को संपदा शुल्क अधिनियम प्रभाव में आया।
- डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने 1956 में अपने 3,85,000 अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म स्वीकार किया और अपने समर्थकों को 22 बौद्ध प्रतिज्ञाओं का अनुसरण करने की सलाह दी।
- होस्नी मुबारक मिस्त्र के चौथे राष्ट्रपति 1981 में बने।
- जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ एक लाख लोगों ने प्रदर्शन 1979 में किया।
- ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फि लिप ने 1997 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सी.टी.बी.टी.) अमेरिकी सीनेट में 1999 को नामंजूर।
- संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा 2000 को पाक समेत 22 देशों में अपने दूतावास बंद।
- कतर में मिलने के वायदे के साथ 2002 को 14वें एशियाई खेलों का बुसान में रंगारंग समापन।

## सुविचार

यदि आप वही करते हैं, जो आप हमेशा से करते आये हैं तो आपको वही मिलेगा, जो हमेशा से मिलता आया है।
टोनी रॉबिंस

एक चीज मैंने देखी है, जब आप प्यार करते हैं, दर्द की सीमा तक, तो वो दर्द नहीं रहता बस प्यार बढ़ता जाता है।
मदर टेरेसा

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा

आर.के. सिन्हा

**रतन** टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदम पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर रहना पसंद करते थे और एक शमीर्ले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे। रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन-पोषण किया। बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ। दरअसल, रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। रतन टाटा ने वक्त रहते टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े कइसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमैन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती।

## श्रद्धा के मुताबिक पूजा

**हरेक** व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है। लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का। श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : संगतराश के बहाने याद ओरिजिनल कुमार की

गौरतलब — अजय कुमार शर्मा

> प्रख्यात पत्रकार राजकुमार केसवानी ने अपनी पुस्तक दस्तान-ए-मुगल-ए-आजम में इस पात्र के बारे में लिखते हुए कहा है कि इस एक किरदार के जरिए आसिफ ने 16 वीं सदी की कहानी में बड़ी महीन कारीगरी और नफासत से एक ऐसा चेहरा जोड़ दिया है जिसे इक्कीसवीं सदी में फि ल्म देखने वाला भी ब-आसानी अपने दौर के साथ जोड़कर देख सकता है। इस संगतराश के एक-एक लफ़्ज में शहंशाही निजाम के लिए नफरत और हकपरस्ती की बेखौफ बात मौजूद है।

**मुगल**-ए-आजम हिंदुस्तानी सिनेमा इतिहास की एक ऐसी यादगार फिल्म है जिसे बनाने का सपना हर फिल्मकार देखता है लेकिन साकार कोई बिरला ही कर पाता है। पिछले 64 बरसों में हजारों फिल्में बनी हैं, कुछ ही याद रह गईं और बाकी वक्त की धूल में दब चुकी हैं। लेकिन मुगल-ए-आजम आज इतने समय के बाद भी दर्शकों के दिलोदिमाग में क्यों ताजा है? प्रख्यात फिल्म निर्देशक कमाल अमरोही ने 1980 में अपने एक लेख में मुगल-ए-आजम की अभूतपूर्व सफलता के बारे में बताते हुए कहा था कि इसका मुख्य कारण परफेक्ट कास्टिंग... उनके मुताबिक के. आसिफ ने इस फिल्म में हर किरदार के लिए एक-एक एक्टर ऐसा चुना था जो अंगूठी में नगीने की तरह जड़ा हुआ मालूम होता है। फिल्म में संगतराश के किरदार के लिए कुमार का चुनाव कमाल अमरोही की इस बात को बड़ी पुख्तगी से स्वीकार करता है। संगतराश पूरी फिल्म का एकमात्र ऐसा किरदार है जो बादशाह के खिलाफ है। प्रख्यात पत्रकार राजकुमार केसवानी ने अपनी पुस्तक दस्तान-ए-मुगल-ए-आजम में इस पात्र के बारे में लिखते हुए कहा है कि इस एक किरदार के जरिए आसिफ ने 16 वीं सदी की कहानी में बड़ी महीन कारीगरी और नफासत से एक ऐसा चेहरा जोड़ दिया है जिसे इक्कीसवीं सदी में फि ल्म देखने वाला भी ब-आसानी अपने दौर के साथ जोड़कर देख सकता है। इस संगतराश के एक-एक लफ़्ज में शहंशाही निजाम के लिए नफरत और हकपरस्ती की बेखौफ बात मौजूद है। संगतराश जब-जब मुंह खोलता है, तब-तब सिनेमा हाल में बैठे दर्शक को बेसाख़्ता उस आवाज में खुद अपनी आवाज सुनाई देने लगती है। संगतराश का यह बेखौफ अंदाज उसके पहले दृश्य में ही नजर आ जाता है। उसके पास एक मुज्जसमे की फरमाइश लेकर आई बहार उसके तंज का शिकार बनती है-
'संगतराश! संगतराश!... महलों की बहार वीराने में! साहिबे आलम के लिए पत्थर का एक मुज्जसमा लेने आई हूं।'
'मेरे बनाए हुए मुज्जसमे शहजादों और बादशाहों को पसंद नहीं आएंगे...'
क्यों?
क्योंकि यह सच बोलते हैं।
एक दूसरा संवाद है-वो तीर ही क्या संगतराश, जो दिल के पार न हो। वो बुत ही क्या जिसके आगे मगरूर सिर खुद न झुक जाएं...'
संगतराश- 'तो फिर मैं एक ऐसा बुत बनाऊंगा, जिसके कदमों में सिपाही अपनी तलवार, शहंशाह अपना ताज और इंसान अपना दिल निकालकर रख दे।

## राशिफल

- **मेष** — अपनी योजनाओं को क्रिया रूप देने के लिए उचित समय है, इसलिए समय का प्रतिबंधन करें और अपने कार्यों को गति दें।
- **वृष** — व्यक्तिगत मामलों को सुलझाने में आपकी उदारता सूझबूझ के उत्तम परिणाम सामने आएंगे। आर्थिक स्थितियां बहुत बेहतर होगी।
- **मिथुन** — संबंधियों से मिलने और पुराने रिश्तों को तरोताजा करने के लिए अच्छा दिन है। इससे आपसी विचारों का आदान-प्रदान भी होगा और कई समाधान भी निकलेंगे।
- **कर्क** — धनदायक स्थिति बनी हुई है। प्रतिष्ठित लोगों के साथ समय व्यतीत करना और सामाजिक गतिविधियों में भी हिस्सा लेना।
- **सिंह** — आज मनचाही सफलता मिलेगी, लेकिन समय का प्रति बंधन रखना जरूरी है। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन और सलाह आपके लिए महत्वपूर्ण रास्ते खोलेंगे।
- **कन्या** — दिन की शुरूआत में ही कोई अच्छी खबर मिलेगी, जिसकी वजह से मन प्रसन्न रहेगा। आप अपने व्यक्तिगत कार्यों के प्रति सजग और गंभीर रहेंगे।
- **तुला** — दिन शानदार व्यतीत होगा। कोई ऐसा कार्य बन सकता है जिसका आप काफी समय से इंतजार कर रहे थे।
- **वृश्चिक** — कोई रुका हुआ कार्य, किसी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। बच्चे की किलकारी संबंधी शुभ सूचना मिल सकती हैं। जिससे पारिवारिक प्रसन्नता बनी रहेगी।
- **धनु** — पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियां आपकी सकारात्मक तथा संतुलित कार्यप्रणाली द्वारा काफी हद तक सुलझ जायेंगी।
- **मकर** — अनुकूल समय है। आज लंबे समय से चल रही किसी चिंता से राहत मिलेगी और आप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर भी ध्यान दे पायेंगे।
- **कुंभ** — भविष्य को लेकर किसी बनाई गई योजना पर आज कार्य शुरू हो सकता है। खास लोगों के साथ मुलाकात भी होगी।
- **मीन** — इस समय परिस्थितियां बहुत ही अनुकूल बनी हुई हैं। अपनी योग्यता व क्षमता द्वारा किसी भी अवरोध की परवाह न करते हुए।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### नव प्रोन्नत पुलिसकर्मियों को एसपी ने लगाया बैच

**लातेहार** : झारखंड पुलिस मुख्यालय में लगभग दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को एएसआई रैंक में प्रोन्नति दी थी। जिसमे लातेहार जिले में भी कई पुलिस कर्मियों को प्रोन्नति मिला। जिसको लेकर पुलिस केंद्र में समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसपी कुमार गौरव ने लातेहार जिले के 36 नवप्रोन्नत पुलिसकर्मियों को बैच प्रदान किया। एसपी ने कहा कि नवप्रोन्नत एएसआई ऐसा बदलाव लाएं, जिससे खुद के साथ-साथ लातेहार पुलिस की एक अच्छी छवि बन सके।

### कांग्रेस के विजन से ही देश हुआ आपदाओं से सुरक्षित : फिरोज आलम

**गुमला** : जिला महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि भारत की भौगोलिक स्थिति और पर्यावरणीय नुकसान के कारण यहां प्राकृतिक आपदाओं का इतिहास पुराना रहा है। कभी बाढ़, कभी सूखा, कभी तूफान तो कभी सूनामी और भूकंप। इसके अलावा कभी-कभी मानव निर्मित आपदाओं में भी भीषण जन-धन हानि होती है। इन आपदाओं में पहले बहुत जान-माल का बहुत नुकसान होता था। मगर देश आजाद होने के बाद कांग्रेस की सरकारों ने इन आपदाओं को बहुत गंभीरता से लेकर इससे निपटने का प्लान तैयार किया। चाहे 50 के दशक में प्रधानमंत्री नेहरू हों, या हाल-फिलहाल में प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह। सबसे पहले देश को आपदा से बचाने एवं आपदा से होने वाले नुकसान से निपटने के लिए साल 1948 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निर्देश पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष पीएम एन एफ की स्थापना की गई थी।

### अबकी बार झारखंड मुक्ति मोर्चा का उम्मीदवार : झामुमो

**मेदिनीनगर** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के डाल्टनगंज विधानसभा के सभी प्रखंड के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों एवम मोर्चा के पदाधिकारियों की राय शुमारी बैठक परिसदन भवन में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया और संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। इस बैठक में सभी पदाधिकारियों और प्रखंड अध्यक्ष सहित सभी कार्यकताओं ने डाल्टनगंज विधानसभा चुनाव लड़ने की मांग मजबूती से की। रायशुमारी बैठक में पंद्रह अक्टूबर को शिवाजी मैदान में सभा करने के प्रस्ताव को भी पास किया गया। इस सभा में हजारों के संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता भाग लेंगे और अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे। झामुमो के कार्यकताओं की मांग है की डाल्टनगंज विधानसभा झामुमो के नेतृत्व में लड़ा जाए। अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कार्यकताओं की रायशुमारी से केंद्रीय नेताओं को अवगत कराने और उनकी मांग को केंद्र में मजबूती से रखने का आश्वाशन दिया। उन्होंने कहा 15 अक्टूबर को शक्ति प्रदर्शन भव्य रूप से होगा और झामुमो मजबूती से डाल्टनगंज में चुनाव लडेगी। श्री सिन्हा से अपने संबोधन में कहा झामुमो पलामू की सबसे मजबूत पार्टी है, माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन द्वारा चलाई जा रही मईया सम्मान योजना, अबूआ आवास और बिजली बिल माफ जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिला है, इसके वजह से झामुमो की लोकप्रियता पलामू में सबसे ज्यादा है।

### हर रिश्ते में हम राम खोजते हैं : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर** : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री चंद्रशेखर आजाद क्लब के द्वारा रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि मेदनीनगर की प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर ने श्री राम के महत्व को बताते हुए कहा एक मां अपना पुत्र राम की तरह चाहती, एक भाई अपना भाई राम की तरह चाहते, एक पत्नी अपना पति राम की तरह चाहती मतलब राम ही संपूर्ण है जिसे हर मां, बाप,भाई, बहन अपनों में देखना चाहते। प्रथम महापौर ने इस वर्ष पूर्व से अधिक 10 हजार से ऊपर भीड़ को देखते हुए कही अब हमारा शहर भी सनातनियों का शहर हो रहा जहां घर-घर से इस उत्सव को मनाने लोग इस ऐतिहासिक मैदान में एकत्रित हुए हैं।

# नम आंखों के साथ हुआ मां की प्रतिमा का विसर्जन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका/लातेहार** : मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचफेड़ी शिव मंदिर में अमर पूजा समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा तथा मनिका बाजार स्थित देवी मंडप में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमा को शनिवार को लोगों ने विदाई दिया। विजया दशमी के इस विदाई के बेला के दौरान दोनों मंदिर में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ मनिका के नगर क्षेत्र का भ्रमण कराया गया।इस विदाई के बेला के दौरान मां दुर्गा के दर्शन को भरी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी कई लोगों ने मां के विदाई के बेला में उन्हें आरती दिखाई तथा खोईछा दिया। विजया दशमी तथा प्रतिमा विसर्जन को लेकर मनिका में खिलोने तथा मिठाई से सजी बाजारों में उमड़ी भरी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ में छोटे छोटे बच्चे द्वारा तरह तरह खिलोने तथा मिठाइयां खरीदते देखे गए।नगर भ्रमण के पश्चात मां के प्रतिमा को लोगों ने नम आंखों के साथ तालाब में विसर्जित किया।

## पलामू में दशहरा शान्तिपूर्ण सम्पन्न



**मेदिनीनगर** : शहर में दुर्गा पूजा एवं दशहरा का त्यौहार संपन्न हो गया। विभिन्न जगहों पर विसर्जन जुलूस निकाला गया। भक्ति भाव में जुटे श्रद्धालु नाचते गाते कोयल नदी घाट पहुंचे। जहां पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गे की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। शनिवार शाम को दशहरा मेले का समापन रावण का पुतला दहन के साथ हुआ। रावण दहन समारोह मे पुतला जलाया गया, जिसमें लोग शामिल हुएं। पूरे नवरात्र चली समापन शुक्रवार की रात हो गया था। शारदीय नवरात्र माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना के साथ कन्याओं को अपने हाथों से प्रसाद खिलाया और उनका आशीर्वाद लेकर उन्हें विदा किया। जिसमें कन्या पूजन करके माता का प्रिय व्यंजन काले चने, हलवा, पुरी कन्याओं को खाने के लिए दिया जाता है। इसके बाद अगर कोई इंसान व्रत रखता है, तो उसका पारण भी किया जाता है।वही नवरात्र के आखिरी दिन शुक्रवार को महानवमी के अवसर पर जिले भर में कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर नौ कन्याओं को भोजन करवाकर कन्याओं के पाद प्रक्षालन कर पूजा की जाती है। जिसके बाद कन्याओं को फल एवं दक्षिणा देकर ढोक देकर उनका आशीर्वाद लिया गया। जिला मुख्यालय में विभिन्न देवियो मंदिरों के अलावा घरो में नवरात्रि का व्रत रखने वाले धर्मप्रेमियों ने कन्यापूजन कर उन्हें भोजन करवाया। मान्यता हैं कि नवरात्र में कन्याओं को भोज कराने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। वही शनिवार शाम को रावण दहन समारोह का आयोजन किया गया।रावण का पुतला दहन देखने के लिए शहर सहित क्षेत्र के अनेक गांवों से लोग इकट्ठा हुए थे। मेदिनीनगर शहर के बाजार में नाना प्रकार की दुकान सड़क की पटरियों पर सजी रहीं। लोग पुतला दहन के बाद इन दुकानों से खरीदारी करने में जुटे हुए थे। शहर चौकी की पुलिस पूरे समय सुरक्षा में लगी रही। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोदार और टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में दुर्गा पूजा विसर्जन को लेकर कोयल नदी तट पर सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा इंतजाम किया गया है।

## महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर पंडाल से रविवार को निकाला गया विसर्जन जुलूस



**महुआडांड/लातेहार** : महुआडांड प्रखंड मुख्यालय स्थित दुगार्बाड़ी मंदीर परिसर पंडाल से रविवार को विसर्जन जुलूस निकाला गया। बड़ा रे जतन से मूर्ति बनवली, कैसे करी हम विदाई जैसे भक्ति गीतों एवं माता शेरावाली का जयकारा लगाते हुए सैकड़ो की भारी संख्या में प्रखंड के सनातनी महिला एवं पुरुष भक्तों ने नगर भ्रमण किया। हिंदू समुदाय के द्वारा शंखनाद के साथ पूरे आस्था और भक्तिमय वातावरण में मां दुर्गा की विदाई की गई। रामपुर स्थित छठ घाट के समीप तालाब में स्थानीय ब्राह्मणों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के पश्चात विसर्जन का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने में महुआडांड़ हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल बजरंग दल के पलामू विभाग संयोजक सूरज साहू, अंतू साव, शंभू प्रसाद, भानु प्रसाद, बृजमोहन जायसवाल, मनोज कुमार गुप्ता, विजय जायसवाल, अजय प्रसाद, आनंदनाथ शाह, शिवनाथ प्रसाद, अंकुश जायसवाल, प्रशांत सिंह, मनोज कुमार जायसवाल, भोला सोनी हीरालाल प्रसाद, संदीप कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, दिलीप कुमार गुप्ता, राजीव कुमार, रमेश जायसवाल, गणेश प्रसाद, मंटू प्रसाद, बलराम प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, बिहारी जायसवाल, आनंद नाथ शाह, मनीष सिंह कम महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### सुरक्षा व विधि व्यवस्था को लेकर किये गये थे व्यापक इंतजाम


**नवरात्र** एवं विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही। थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में सभी चौक चौराहों एवं पंडालों के समीप पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे। विसर्जन एवं रावण दहन कार्यक्रम के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने एवं सुव्यवस्थित करने में पुलिस बल के जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी विसर्जन के दौरान नियुक्त मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान पूरी तरह मुस्तैद नजर आए।

## नुवोको कंक्रीटो का सर्वश्रेठ पूजा पंडाल 'पूजो नम्बर 1' पहल सम्पन्न



**जमशेदपुर** : नुवोको कंक्रीटो यूएनओ ने जमशेदपुर में पूजा समितियों के बीच रचनात्मकता, पर्यावरण जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए 'पूजो नंबर 1' पहल का आयोजन किया। इसको लेकर नुवोको कंक्रीटो यूएनओ के प्रवक्ता ने बताया कि हमारा लक्ष्य स्थिरता और सामाजिक प्रभाव के महत्व को उजागर करते हुए सांस्कृतिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। 'पूजो नंबर 1' पहल एक अग्रणी कदम है जो टिकाऊ प्रथाओं के लिए नुवोको कंक्रीटो यूएनओ की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## रावण दहन में उमड़ा जन सैलाब



**महुआडांड/लातेहार** : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महुआडांड के स्थानीय बस स्टैंड परिसर में रावण दहन का कार्यक्रम पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार, हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद महामंत्री भानु प्रसाद बजरंग दल के विभाग सहसंयोजक सूरज साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जयसवाल कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता अजय प्रसाद संजय राय ने संयुक्त रूप से बुराई के प्रतीक रावण का पुतला दहन किया।

## माता दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ शारदीय नवरात्र सम्पन्न



**लातेहार** : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र लातेहार जिला में उत्साह और उमंग के साथ श्रद्धापूर्वक शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। मां दुर्गा की लगातार नौ दिनों तक पूजा अर्चना के बाद शनिवार को विसर्जन किया गया। विसर्जन के पूर्व हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पूर्व वही पूजा पंडालो में महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर लगाने के बाद सिंदूर एक दूसरे को लगाया। पूजा पंडालो से मूर्तियों के विसर्जन की तैयारी अपराहन से शुरू हो गई थी। माता दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं के मूर्तियों को ट्रकों पर लादकर यात्रा आरंभ की गई जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मेन रोड स्थित बड़ा तालाब पहुंची जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।वहीं शहर के वैष्णव दुर्गा मंदिर व राजा दुर्गा बाड़ी अंबाकोठी पंडाल,सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धर्मपुर के माता दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर आने का न्यौता देकर नम आंखों से मां को विदाई दी।

#### प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुलिस थी मुस्तैद

**इधर** प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुलिस मुस्तैद थी।इस दौरान गोताखोरों की भी व्यवस्था की गयी थी जो आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार थे।

## सड़क दुर्घटना में 01 की मौत, आधा दर्जन घायल




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के मनिका थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच 39 पर दोमुहान के पास रविवार को एक बस ने ओवरटेक करने के दौरान कार और टेम्पू को अपने चपेट में लिया। घटना में एक की मौत हो गई है और आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की घायल होने की सूचना है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने मनिका थाना को दी, जिसके बाद मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने तुरंत मौके पर पहुंचे घायलों को एम्बुलेंस की मदद से लातेहार सदर अस्पताल भेजवाया, इधर लातेहार सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने घटना में घायल सफदर इमाम को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को चिकित्सक डॉक्टर विवेक विद्यार्थी ने प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायलों में अमिक अंसारी, ज्यान अंसारी, आयान अंसारी सभी रांची के रहने वाले हैं घायल है। फंटूस अमित कुमार लातेहार के जुबली चौक के रहने वाले हैं जो घायल है। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीए का अपने परिवार बेतला से घूम लौट रहे थे।

घटना में घायल पूर्व मंत्री आलमगीर आलम का परिवार है, जो बेतला से घूम लौट रहे थे कि तभी विपरीत दिशा से आ रही जेपीएस बस ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया, जिसमें उनका छोटा भाठ सफदर इमाम की मौत हो गई वहीं अन्य घायल है। साथ ही बस ने टेम्पू को भी अपने चपेट में लिया है। उसमें भी कुछ लोग घायल है, जिनकी स्थित नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल सभी घायलों को प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।


## वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति, लातेहार की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला के अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष श्री गुप्ता ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि बिना सामूहिक सहयोग के कोई भी अनुष्ठान पूरा नहीं हो पाता है। बैठक में दुर्गा पूजा आयोजन की समीक्षा की गई एवं अगले वर्ष खामियों को दूर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मासिक दान पत्र भी खोला गया। कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह ने बताया कि दानपात्र और मंदिर विकास निधि से 70 हजार रुपए संग्रह किए गए। बैठक के दौरान दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न देनदारियों का भी निपटारा किया गया। सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि दुर्गा पूजा महोत्सव में सभी सदस्यों ने तन मन धन से सहयोग किया है। उन्होंने नगर वासियों को भी इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि बिना नगर वासियों को सहयोग के यह आयोजन सफल नहीं हो सकता था। बैठक में संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, त्रिभुवन पांडेय, दशरथ प्रसाद, सह सचिव रवींद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, कोषाध्याक्ष राजू रंजन सिंह के अलावा कार्यकारिणी सदस्य पंकज कुमार, प्रदीप प्रसाद, परितोष ठाकुर, कन्हाई प्रसाद और त्रिपुरारी दास आदि मौजूद थे।

## 51वां श्रीरामचरित मानस पाठ व महायज्ञ प्रतिमा विसर्जन के साथ सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : शारदीय नवरात्र की दशमी तिथि को श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ 51 वां श्रीरामचरित मानस नवाह्य परायण पाठ महायज्ञ संपन्न हो गया। श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया महायज्ञ समिति के सदस्यों ने नगर में भ्रमण किया। इससे पहले हवन व भंडारा का आयोजन किया गया। मूर्ति विसर्जन में महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक सह विधायक बैद्यनाथ राम, अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, विनोद कुमार महलका, डा विशाल शर्मा समेत कई लोग शामिल हुए। वहीं महायज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न होने पर महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक मंत्री सह विधायक बैद्यनाथ राम ने नगर वासियों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ में शहर के हर वर्ग के लोगों की सामुहिक भागीदारी होती है। विधायक ने कहा कि अगले वर्ष भी और ज्यादा उत्साह के साथ महायज्ञ आयोजन किया जायेगा।

## विधायक ने किया पथ का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : स्थानीय विधायक सह राज्य के शिक्षा एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम एवम विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने शहर के चेकनाका मोड़ के पास रामनगर मुहल्ले में सड़क का उद्घाटन नारियल फोड़ कर एवं शिलापट का अनावरण कर किया। मौके पर वैदिक मंत्र उच्चारण त्रिभुवन पांडेय ने किया।इस अवसर पर मंत्री श्री राम ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास का आईना होता है। उन्होंने अपने सभी कार्यकाल में सड़कों के विकास को प्रमुखता दी है। क्षेत्र के हर कच्ची सड़क को पीसीसी सड़क के रूप में विकसित किया है. लातेहार शहर के सभी गलियों को पीसीसी सड़क के रूप में विकसित करना उनकी प्राथमिकता रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड का विकास करने के लिए कृत संकल्प है। समाज के हर योग्य लोगों को योजनाओं के लाभ से आच्छादित किया जा रहा है। आज प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन के लिए किसी को भटकते नहीं देखा जा सकता है। सरकार ने अर्हता रखने वाले हर लाभुकों के लिए पेंशन योजना लागू की है। मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना से सरकार महिलाओं को उसका आत्मसम्मान और मनोबल लौटने का कार्य किया है. हालांकि यह राशि अधिक नहीं है,फिर भी इससे हमारी माता बहनों को कुछ सहूलियत अवश्य होगी। मौके पर बजरंगी प्रसाद, रविंद्र प्रजापति, ओमप्रकाश उर्फ राजू प्रसाद, संतोष प्रसाद उर्फ पिंटू, लाल आशीष नाथ शाहदेव, विवेक प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार, रंजीत कुमार और दीपक कुमार समिति कई लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री व अबुआ आवास से आज भी गरीब दलित वंचित : रूचिर तिवारी

- कागज पर हो रहा विकास का काम, जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी ऑफिस तक हैं सीमित : भाकपा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने बदलाव यात्रा के 21 वां दिन चैनपुर प्रखंड के बैरांव पंचायत के ग्राम बैरांव, बरवाही, करमाहा, गीधा टोला, पहियार, में मिलकर उनकी जनसमस्याओं से अवगत हुआ। मौके पर यह पाया कि बैरांव पंचायत के गरीबों एवं दलितों को सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ का लाभ अभी तक लोगों को नहीं मिला है वही पशु सेड एवं बकरी पालन से भी आम लोग वंचित है पीने के पानी के लिए चापा कल भी लोगों के यहां नहीं लगा हुआ जबकि जिले में सांसद कोटे विधायक कोटे से लगने वाला चापाकल का कोई अता पता नहीं है।

## भूमि अधिग्रहण के बदले रैयतों के मुआवजा भुगतान में अनियमितता नहीं बरते एनएचआई : दीपक तिवारी

- उच्चाधिकारियों से बात कर समस्या समाधान का करेंगे सार्थक प्रयास
- दीपक तिवारी ने चियांकी मौजा के रैयतों से की मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने पलामू जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत चियांकी पंचायत का भ्रमण कर स्थानीय ग्रामीणों/रैयतों से मुलाकात की। चियांकी मौजा के रैयतगणों ने उनके समक्ष मुआवजा राशि का कम भुगतान किए जाने संबंधी अपनी समस्याएं रखीं। रैयतों ने अपनी-अपनी भूमि की रसीद एवं अन्य कागजातों को दिखाते हुए भूमि की प्रकृति/नेचर आवासीय होने के बावजूद कृषि दर से भुगतान की प्रक्रिया किए जाने की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि भूमि की प्रकृति में बदलाव कर मुआवजा राशि कम दिया जा रहा है, जो बिल्कुल ही गलत है। तिवारी ने रैयतोंगणों की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने पलामू प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ (एन.एच) के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य में रैयतों की भूमि अधिग्रहण के बदले उन्हें मिलने वाली मुआवजा राशि के भुगतान में भेदभाव व अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण प्रबंधन पर कड़ी नाराजगी जताते हुए गरीब विरोधी करार दिया। झामुमो नेता दीपक तिवारी ने रैयतों को साथ देने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि भोगू से शंखा तक एन.एच के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य में भूमि अधिग्रहण के दौरान मुआवजा का आकलन गलत तरीके से नहीं किया जाए। मुआवजा भुगतान में एनएचआई अनियमितता एवं भेदभाव नहीं करें। इससे रैयतों को उनके भूमि का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जो दुःखद है। उन्होंने रैयतों की मांगों से उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्या समाधान की दिशा में सार्थक प्रयास करने का आश्वासन दिया।

#### दीपक तिवारी ने मुआवजा भुगतान को लेकर खड़े किये सवाल

**श्री तिवारी** ने भूमि अधिग्रहण एवं उसके एवज में रैयतों को मुआवजा भुगतान को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क का सर्वे से लेकर सभी कागजातों में भूमि की प्रकृति आवासीय दशार्या गया है, परंतु अंतिम चरण में कृषि दर से भुगतान क्यों किया जा रहा है?,

एक ही भूमि पर दुकान एवं मकान बने हैं। मकान का मुआवजा भुगतान किया भी जा रहा है, लेकिन उस भूमि की प्रकृति आवासीय के स्थान पर कृषि योग्य बताकर भुगतान क्यों?

एक भूमि से सटे दूसरी भूमि का पूर्व में आवासीय बताकर उसी दर पर भुगतान किया जा रहा, जबकि एक भूमि को कृषि योग्य बताकर भुगतान की प्रक्रिया क्यों?

भारत सरकार द्वारा आवासीय एवं कृषि योग्य भूमि का अलग-अलग आकलन किया गया है, इसके के बावजूद एक पदाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद अंतिम चरण में आवासीय दर को काटकर कृषि योग्य भूमि का भुगतान की प्रक्रिया क्यों?

श्री तिवारी ने बिरेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, देवंती देवी, बिजय महतो सहित 23 से अधिक रैयतगणों से मुलाकात की। श्री तिवारी के साथ महताब खान, प्रमोद यादव, विकास तिवारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## एक झलक

### पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**चतरा** : टंडवा पुलिस ने रविवार को पिस्टल के साथ एक मनचले युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के कामता गांव निवासी पंकज राम के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार युवक पिस्टल को अपने साथ लेकर खुलेआम शहीद चौक के समीप घूम रहा था, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने टंडवा पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया। युवक को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उससे कड़ाई से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**चतरा** : टंडवा थाना क्षेत्र के राहम–बड़गांव मुख्य पथ स्थित बेलवाटांड टोला के समीप मोटर साईकिल दुर्घटना में पुरनी गोंदा निवासी पुनैय उरांव (32) की मौत हो गई। पुनैय उरांव राहम मे आयोजित दुर्गा पूजा का मेला देखने आया था। शनिवार देर रात को मेला समाप्त होने के बाद वह अपने मोटर साइकिल से वापस घर जा रहा था। इसी बीच बेलवाटांड़ के समीप तीखी मोड़ मे मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और सड़क से लगभग दस फीट दुरी एक गढ्ढे मे जा गिरा। अंधेरा होने के कारण वह रात भर घटना स्थल मे घायल अवस्था मे पड़ा रहा। बताया गया कि सर मे गंभीर चोट लगने तथा रात भर घटना स्थल पर गिरे रहने के कारण उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह राहगीरो ने घटना स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाईकिल मे दबे पुनैय को देखा गया। जिसकी सुचना पुलिस को दी गई। घटना की सुचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। जबकि मोटर साईकिल को जब्त कर थाने ले गई। इधर घटना के बाद मृतक के परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना को लेकर मृतक की पत्नी ने रविवार को थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या किए जाने का मामला दर्ज कराया है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### शराबी पति ने की पत्नी की पीट-पीटकर हत्या

**चतरा** : शहर के बिन्द मोहल्ले में एक शराबी पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी।पत्नी की हत्या के बाद पति मुकेश भुइयां घर से भागने के फिराक में था।इसी दौरान मोहल्ले वालों ने आरोपी को दबोच लिया और उसे सदर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सदर थाना पुलिस हत्या के पूरे मामले की जांच में जुट गई है।जांच अधिकारी ने बताया कि महिला के साथ बहुत बेरहमी के साथ मारपीट की गई है।डंडे से पीट पीट कर हत्या की गई है।पड़ोस के लोगों ने बताया है कि पति मुकेश ही अपनी पत्नी की मारपीट कर हत्या कर दी है।पड़ोसियों की सूचना पर ही पुलिस घटनास्थल पहुंची।पुलिस ने मृत महिला के शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, महिला की हत्या से पहले बेरहमी से पिटाई की गई थी। मृत महिला के छाती की 8 पसलियां टूटी हुई थीं।शरीर पे कई गहरे चोट के निशान भी पाए गए।इस मामले में हत्यारे पति मुकेश को जेल भेज दिया गया है।

### विधायक ने जरूरतमंदो को सौंपा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष का चेक

**गिरिडीह** : झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने मुख्यमंत्री के विवेकाधीन कोष से 6 परिवारों को रविवार को पचास पचास हजार रुपए का चेक सौंपकर मदद की हैं। चार व्यक्तियों को इलाज के लिए और दो मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद का चेक दिया गया। विधायक ने पांडेयडीह के काजल कुमारी,बीबीसी रोड के रुकसाना जबी,कोलडीहा के ममता देवी पचंबा के सिकंदर आलम को इलाज के लिए पचास पचास हजार रुपए का चेक सौपा हैं।

## श्रद्धा भक्ति से बोकारो–चास में मना दुर्गापूजा, प्रतिमा विसर्जित

# सिन्दूर खेला के साथ महिलाओं ने दी मां दुर्गा की विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बोकारो** : बोकारो चास में श्रद्धा भक्ति के साथ दुग़ार्पूजा धूम-धाम से मनाया गया। वहीं नौ दिनों तक मां दुर्गा की अराधना के बाद शनिवार व रविवार को मूर्ति विसर्जन शांतिपूर्ण किया गया। कुछ मूर्तियों का विसर्जन शनिवार व रविवार को किया गया। जिसमें बंगला विधि से होने वाले पूजा पंडालों सेक्टर तीन बंगभारती, चक्की मोड़, सेक्टर आठ कालीबाड़ी, सेक्टर वन बी रंगमंच मैदान के प्रतिमा का विसर्जन रविवार को किया गया। वहीं कई स्थानों के पूजा पंडालों के प्रतिमा रविवार के कारण विसर्जन नहीं किया गया। इसकों लेकर पूजा समिति के लोग सोमवार को पंडालों के प्रतिमा का विसर्जन करेंगे। शनिवार को सेक्टर दो बी पूजा पंड़ालों के प्रमितमा का विसर्जन से पहले महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा की विदाई की। महिलाओं ने उत्साह के साथ एक दुसरे को सिंदूर लगाकर मिठाईया भी खिलाई। वही चास के पुराना बाजार में भी महिला श्रद्धालुओं ने सिंदूर खेला किया। चास पुराना बाजार के मंदिरों में मां की पूजा के बाद काफी संख्या में महिलाए लाल गुलाबी साड़ी पहन सजधज कर सिंदूर खेला किया। जिसके बाद प्रतिमा को नदी व जलाशय में विसर्जन किया।

## वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति में हुआ सिंदुर खेला



**लातेहार** : विजयादशमी तिथि को शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति परिसर में बंग व अन्य समुदाय की महिलाओं के द्वारा सिंदूर खेला का आयोजन किया गया. इस मौके पर महिलाओं ने माता का वरण किया एवं एक दूसरे को सिंदूर लगा कर विजयादशमी की बधाई दी. स्थानीय महिला दीपा टैगोर ने बताया कि बंगाल में प्रतिमा के विसर्जन के पहले सिंदूर खेला का विधान है. इस बार समिति के द्वारा सिंदूर खेला का आयोजन किया है. उन्होने कहा कि इस परंपरा को आगे बढ़ाना है. उन्होने अन्य महिलाओ से भी सिंदूर खेला में भाग लेने की अपील की. मौके पर कई महिलायें मौजूद थीं. इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, बद्री प्रसाद, सचिव आशीष, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, उमेश प्रसाद गुप्ता, रंजीत कुमार, उज्जवल कुमार व आकाश कुमार जायसवाल आदि मौजूद थे ।

## विधानसभा चुनाव को ले जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : झारखंड में विधानसभा चुनावों की तैयारी जोरों पर है और सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी रणनीति के साथ मैदान में उतर रही हैं। इसी कड़ी में नई राजनीतिक ताकत ₹आपकी विकास पार्टी₹ ने भी अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। रांची प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने इस सूची को जारी किया। और साथ ही साथ पार्टी का चुनाव चिन्ह ₹कलम की निब सात किरणों के साथ₹ का भी लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने झारखंड के विकास और जनता के हितों पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड के अलग राज्य बने 24 साल हो गए हैं, लेकिन यहां के लोग अब तक विकास से वंचित हैं। विभिन्न पार्टियों ने राज्य पर शासन किया,लेकिन जनता के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रत्याशियों की पहली सूची में नाला विधानसभा से जयंती बनर्जी, डुमरी विधानसभा से रकीब आलम, कोडरमा विधानसभा से डॉ. कहकसा कमाल, धनवार विधानसभा से मो. सगीर एवं बड़कागांव विधानसभा से मो. खिताब अनवर के नाम शामिल है। वहीं श्री मुस्तफा ने कहा कि हमें विश्वास है कि हमारी पार्टी के प्रत्याशी चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे और झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी का एजेंडा राज्य के पिछड़े इलाकों में विकास, रोजगार, स्वाथ और शिक्षा के सुधार पर केंद्रित रहेगा। बताते चले कि आपकी विकास पार्टी का जब से लॉन्चिग हुआ है तब से जन समुदाय के हित के लिए निरंतर आंदोलनरत रहा है।

### प्लास्टिक की पाइप में लगी आग, लाखों का नुकसान


**कोडरमा** : जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत बगड़ो स्थित नवनिर्मित पानी टंकी के समीप रखे प्लास्टिक की पाईप में रविवार शाम को अचानक भंयाकर आग लगने से लाखों रुपये की पाईप जल कर राख हो गई। अचानक लगी आग को देखकर आस पास के लोग जुट गए। आग इतनी तेज थी कि काफी दूर तक धुआं फैल गया और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। लोग चर्चा करने लगे कि कहां से इतना धुआं आ रहा है। फिर हो हल्ला के बाद पता चला कि बगड़ो स्थित प्लास्टिक पाईप मे आग लगी है। खबर लिखे जाने तक घटना स्थल पर पुलिस और दमकल वाहन पहुंचकर आग को काबू मे पाने की कोशिश कर रहे थे। पर खबर भेजे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। वहीं दूसरी ओर स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह आग अचानक कैसे लगी है।

## अन्नपूर्णा देवी ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : गया से खुलकर कोडरमा के रास्ते मुंबई जाने वाली गया लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का रविवार से शुभारंभ हो गया है। कोडरमा स्टेशन पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव व विधायक अमित यादव ने उक्त ट्रेंन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताते चलें कि यह ट्रेन 36 घंटे में गया से मुंबई तक का सफर तय करेगी। उत्तरी छोटानागपुर के लोगों को खास तौर पर इस ट्रेन की सौगात मिली है, जहां के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में रहते है। इस ट्रेन में स्लीपर कोच के जगह 14 जनरल बोगी है, जबकि एसी 3 और एसी 2 कोच भी इस ट्रेन में लगाए गए हैं। उद्घाटन परिचालन के मौके पर कोडरमा स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावे विधायक और धनबाद रेल मंडल के डीआरएम समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। यह ट्रेन हर रविवार को गया से खुलेगी जो कोडरमा होते हुए हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, रांची, राउरकेला होते हुए मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक जाएगी। कई राज्यों से होकर गुजरने वाली इस ट्रेन के परिचालन शुरू होने से कोडरमा समेत आसपास के लोग उत्साहित है। पहले दिन सफर करने वाले रेल यात्रियों को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुलाब फूल देकर उनका स्वागत किया। इस ट्रेन की शुरूआत होने से पहले कोडरमा से होकर मुंबई तक जाने के लिए महज दो ट्रेनों का परिचालन किया जाता था ।

## नवनिर्मित पानी टंकी के समीप रखे प्लास्टिक पाईप मे लगी भीषण आग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : डोमचांच प्रखंड अंतर्गत बगड़ो स्थित नवनिर्मित पानी टंकी के समीप रखे प्लास्टिक पाईप मे रविवार शाम को अचानक भंयाकर आग लगने से करोड़ो की पाईप राख हो गई. अचानक आग को देखकर आस - पड़ोस के लोगो के होस उड़ गया। आग इतना तेज था की धुआं 10 किलोमीटर दुर तक फैल गया। और लोगो के बीच चर्चा का विषय बन गया और लोग तरह - तरह के चर्चा करने लगे की कहाँ से इतना धुआं कहाँ से आ रहा है. फिर हो हल्ला के बाद पता चला की बगड़ो स्थित प्लास्टिक पाईप मे आग लगी है।खबर लिखे जाने तक घटना स्थल पर पुलिस और दमकल वाहन पहुंचकर आग को काबू मे पाने की कोशिश कर रहे थे । वहीं दूसरी ओर स्पष्ट नहीं हो पाया की आग अचानक कैसे लगी है ।

## दुर्गा पूजा में एनसीसी कैडेटों का उत्कृष्ट योगदान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल के नेतृत्व में 150 एनसीसी कैडेटों को तैनात किया। सूबेदार मेजर अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में, इन कैडेटों ने विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सुरक्षा और व्यवस्था में सहायक**
**एनसीसी** कैडेटों ने पूजा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं को सुगमता से मां दुर्गा के दर्शन कराने में सहायता की। इसके अलावा, कैडेटों ने यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन स्थितियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई।


**समाज और प्रशासन की सराहना**
**दुर्गा** पूजा के इस बड़े धार्मिक आयोजन में एनसीसी कैडेटों के कार्यों की सराहना समाज के प्रबुद्ध नागरिकों और प्रशासन द्वारा की गई। कोडरमा की सांसद और केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री ने पंडालों का भ्रमण करते हुए एनसीसी कैडेटों की मेहनत को देखा और कहा, देश की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कैडेटों से बातचीत की और उनके कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।इस प्रकार, एनसीसी कैडेटों ने अपने समर्पण और मेहनत से साबित कर दिया कि वे समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, विशेषकर बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान।

## बिनोद कुमार बरनवाल जी का निधन, समाज में शोक की लहर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : योगाचार्य सुषमा सुमन अध्यक्षा, झारखंड प्रांत बरनवाल वैश्य महासभा ने बताया की उनके समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी, बिनोद कुमार बरनवाल जी का स्वर्गवास 28 सितंबर, 2024 को राँची में हो गया। वे चास, बोकारो स्टील सिटी, झारखंड के निवासी थे और बरन विकास समिति के संस्थापक एवं सलाहकार के रूप में जाने जाते थे।बिनोद जी ने 35 वर्षों तक जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्य किया और अनेक सामाजिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से बरनवाल वैश्य सनातन समाज को अपूर्ण क्षति हुई है।उनकी धर्मपत्नी, श्रीमती चिंता बरनवाल जी, और पुत्र श्री विकास एवं डॉ विशाल बरनवाल जी भी विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को साहस दें।03 अक्टूबर 2024 को, नवरात्रि के पहले दिन, परिवार ने असहाय लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की। उनका अस्थि विसर्जन गंगा जी, वाराणसी में किया गया।

## अगले बरस तू जल्दी आना की प्रार्थना के साथ दी गई मां को विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : अगले बरस तू जल्दी आना का निमंत्रण देने के साथ ही भक्तों ने नम आंखों से मां भगवती को विदाई दी। ढाक कनस्तरा व भगवती के गगनभेदी जयकारों व जय घोष के साथ रविवार को शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा तालाब नदी व पोखर आदि में मां भगवती की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इसके पूर्व श्रद्धालु भक्तों द्वारा माता की पूजा अर्चना करते हुए अपने जीवन में सुख शांति की कामना की। वहीं माता को विदाई देने के पूर्व महिलाओं ने अपने पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार खोईचा भरकर व एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान मांगा व मंगलमय जीवन की कामना की। मां की विदाई के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े युवक-युवतियों सभी मां की भक्ति, पूजा, भजन, आरती व आराधना में सराबोर दिखे। देर शाम तक मां की प्रतिमाओं को विसर्जित करने का सिलसिला जारी रहा। कुछ जगहों पर सोमवार को प्रतिमा विसर्जन किया जायेगा।

### मां दुर्गा की प्रतिमा विर्सजन के साथ ही दशहरा सम्पन्न

**लोहरदगा** : लोहरदगा जिला में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही दशहरा पर संपन्न हो गया। माता की आराधना करने के बाद भक्तों ने नाम आंखों के साथ मां को विदाई दी इस मौके पर विभिन्न जल सहयोग में मां की प्रतिमा का विसर्जन भक्तों के द्वारा किया गया। मौके पर कई स्थानों पर मेला का भी आयोजन किया गया , जहां बाहरी संख्या में भक्तों की लोगों की भीड़ उमड़ी इस दौरान लोहरदगा जिला में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे जगह-जगह दंडाधिकारियों के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी ।लोहरदगा जिला के विभिन्न पूजा पंडालून के द्वारा इस वर्ष आकर्षक विद्युत सच्चा कभी आयोजन किया गया था ।

## दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक घाघरा की ओर से नागपुरी संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गुमला** : घाघरा चाँदनी चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार थाना प्रभारी तरुण कुमार भाजपा नेता अशोक उराँव जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी समिति के सचिव संजय सिन्हा गौतम साहू, अरुण पाण्डे कृष्ण लोहरा, सुशील गुप्ता, अनिल कुमार, राजेश कुमार एवं समिति के संरक्षक, समिति के पदाधिकारी गण ने सामूहिक रूप से फिता काट कर संस्कृति कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।वहीं कार्यक्रम में रांची से आए कलाकारों के द्वारा एक से एक हिंदी,नागपुरी एवम भोजपुरी भक्ति गीत पेश किया गया। वहीं दर्शकों ने भी संस्कृति कार्यक्रम का खूब लुप्त उठाया खासकर महिला बुजुर्ग युवा वर्ग के लोगो ने हिंदी नागपुरी एवं भोजपुरी एवं भक्ति गाने में जमकर झूमते नजर आए इधर कार्यक्रम का सुरक्षा को लेकर घाघरा पुलिस अलर्ट मूड में दिखी ।किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो जिसको लेकर जगह जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत चुनरी ओढ़ा कर किया गया।

## सेवा भारती ने मुंडा परिवारों के बीच कन्या पूजन का आयोजन

# गरीब, असहाय के बीच कन्या पूजन से मन को मिलती है शांति : आलोक सिन्हा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरीतिलैया** : नवरात्र के नवमी को कन्या पूजन का विशेष महत्व है लोग अपने घरों में नौ कन्या का माता दुर्गा का स्वरूप मानकर पूजा करते हैं। महानगरों के बाद अब कोडरमा के शहरी क्षेत्र में भी कई स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किए जाने लगा है। सेवा भारती संगठन के द्वारा वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी मुंडा परिवार के बीच दुर्गा पूजा पर्व पर उनके सम्मान में मुंडा परिवार की 31 कन्याओं का पूजन किया गया। सेवा भारती के सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में तो कई स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है लेकिन वन क्षेत्र में रहने वाले अभावग्रस्त लोग त्यौहार में इन सब से वंचित रह जाते हैं।इसी को ध्यान में रखते हुए सेवा भारती के द्वारा पिछले 4 वर्षों से मुंडा परिवार के बीच पहुंचकर कन्या पूजन का आयोजन किया जा रहा है। सेवा भारती के द्वारा झरना कुंड धाम में कन्याओं को एकत्रित कर सर्वप्रथम उनका पैर धोया गया। इसके बाद पैर रंगने के उपरांत तिलक लगाकर उन्हें अंग वस्त्र फल और राशि देकर उनका पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि गरीब,असहाय,बंचितो के बीच कन्या पूजन से मन को शांति मिलती है। मौके पर रिलायंस स्मार्ट बाजार के मैनेजर शशि भूषण,अमित कुमार व अन्य कर्मियों के द्वारा सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप स्कॉलर किट और चॉकलेट दिया गया। वहीं गझण्डी रोड स्थित आदिवासी बच्चों के बीच भी स्कॉलर किट और चॉकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के संयोजक गौरव कुमार,प्रकल्प प्रभारी संजय वर्मा,राजेश गुप्ता,सत्येंद्र सिन्हा, राम कुमार,जाबाज, महेश कुमार,प्रदीप सुमन, कुमारी मीता,सुषमा सुमन आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा में मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल, पथराव में डीएसपी घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गढ़वा** : दुर्गा मूर्ति विसर्जन को लेकर गढ़वा में फिर बवाल हो गया। विसर्जन को लेकर विवाद की दूसरी घटना भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव में रविवार को दोपहर बाद हुई। विसर्जन जुलूस को लेकर यहां विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठी चार्ज करना पड़ा। अपुष्ट खबरों के अनुसार पुलिस ने फायरिंग भी की है। ग्रामीणों ने भी पुलिस पर जमकर पथराव किया। इस घटना में गढ़वा के डीएसपी राहुल बड़ाईक सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। डीएसपी को सिर में चोट लगी है। बावल की खबर के बाद गढ़वा से एसपी दीपक पांडे भी मदगड़ी गांव में पहुंचे। वहां देर शाम तक तनाव की खबर है। ग्रामीण दुर्गा मूर्ति विसर्जन को तैयार नहीं हैं। बताया जाता है कि ग्रामीण बृजेश्वर साहू के घर के रास्ते से मूर्ति विसर्जन जुलूस निकालना चाह रहे हैं लेकिन इस रास्ते में दूसरे समुदाय के तीन-चार लोगों के घर हैं। ये लोग इस रास्ते से जुलूस निकालने से रोक रहे हैं।

# कॉलेज में स्टायलिश नजर आने के लिए ये टिप्स अपनायें युवा

कॉलेज जीवन का अलग ही आनंद होता है इसमें अपनी पसंद से कपड़े पहनने का भी अवसर मिलता है क्योंकि स्कूली जीवन में कड़े अनुशासन के बाद बच्चे यहां आते हैं। इसलिए वे कालेज जीवन का भरपूर आनंद लेना चाहते हैं। अपनी कॉलेज की जिंदगी में सभी युवा स्मार्ट लुक चाहते हैं। उसी को लेकर युवाओं के लिए कुछ अहम टिप्स वैसे तो टी-शर्ट्स हर सीजन में ही चलन में होती हैं पर हर बार इनका अंदाज कुछ बदल जाता है। जैसे पिछले सीजन में बैलून शेप और लॉन्ग लेंथ टी-शर्ट्स अधिक चलन में थीं लेकिन अब थाई लेंथ टी-शर्ट अधिक चलन में हैं। इसके अलावा स्पैगटी और श्रग भी इस सीजन में काफी चलन में है। लड़कों के लिए फंकी प्रिंट वाले टी-शर्ट भी पहले दिन का एक स्टाइलिश ऑप्शन हो सकता है। इन दिनों ब्रांडेड टी-शर्ट्स का व्रेज कॉलेज जाने वाले युवाओं में काफी बढ़ा है। कैजुअल वीयर की बात करें तो इस सत्र में ये सबसे स्मार्ट ड्रेसिंग है अच्छी फिट वाली टी-शर्ट के साथ स्पोर्टी चिक शॉर्ट्स। लेयर्ड ड्रेसिंग से बचें तो बेहतर होगा। नी लेंथ ड्रेसेज जिनमें नी लेंथ टॉप, नी लेंथ टयूनिक, नी लेंथ शॉर्ट्स का चलन इस सीजन में हॉट है। इनमें स्ट्राइप्स या दो कलर वाली पोशाकें होती हैं। लड़कों के लिए नी लेंथ कॉटन शॉर्ट्स या लाइप्रा के शॉर्ट्स भी काफी चलन में है। इसके अलावा, प्लेन वन पीस ड्रेस भी बेहतरीन विकल्प है। बात जब स्टाइल की हो तो प्रयोगों से पीछे नहीं रहे। ऐसे में इंडियन और वेस्टर्न ड्रेसेज के कांबिनेशन ट्राई करना भी कम दिलचस्प नहीं। लांग टॉप या लांग टी-शर्ट के साथ पटियाला या लेगिन कैजुअल के साथ-साथ ट्रेंडी भी लगता है। इसके साथ मल्टी कलर बैंगल या बीड्स वाली बेल्ट का कांबिनेशन आपको परफेक्ट लुक देगा। वैसे तो स्टूडेंट्स के लिए काफी समय से स्लीपर, स्ट्राइप्स सैंडल्स आदि काफी समय से चलन में है लेकिन हमारी सलाह है कि आप इंडयिन ड्रेसिंग रखें या वेस्टर्न, फुटवीयर में फ्लैट सिंगल कलर बेली जरूर ट्राई करें। ये ट्रेंडी तो दिखती है ही, साथ ही आराम के पैमाने पर भी बिल्कुल खरी है। वैसे तो मल्टी कलर वुडेन या प्लास्टिक बैंगल्स और बड़े ईयर आजकर चल रहे है पर रिंग्स की जगह पर छोटे स्टड्स इन दिनों अधिक चलन में हैं। इनके साथ मल्टी कलर बीड्स या स्टोन्स की माला का कांबिनेशन स्मार्ट अपील देता है।



# बच्चे को न कहना भी सीखें

**बच्चों** की सेहत का शुरू से ध्यान रखें क्योंकि कई बच्चे कम वजन के कारण बीमार हैं, वहीं कई बच्चे मोटापे का शिकार हैं। यह दोनो ही स्थितियां परेशानी वाली हैं। दुनिया में मोटापे के शिकार बच्चों की दूसरी सबसे बड़ी तादाद हमारे देश में है और तो और, एनीमिया, विटामिन बी12 और विटामिन डी की कमी के शिकार बच्चे भी हमारे यहां काफी ज्यादा हैं। ये एक जटिल समस्या है और इसे दूर करने के लिए माता-पिता को प्रयास करने होंगे।इसमें स्कूल भी सहायक हो सकता है।

अपने बच्चों को एक बेहतर, सेहतमंद और खुशहाल भविष्य देने के लिए हम कुछ छोटे, लेकिन अहम कदम उठा सकते हैं।

**एक परिवार या समाज के तौर पर जो कदम उठा सकते हैं, उनमें सबसे महत्वपूर्ण 6 बातें यही हैं:**

● **ना कहना सीखें**

यूरोपीय यूनियन में किशोरों में मोटापे की बढ़ती समस्या को समझने के लिए वहां पांच साल तक एक अध्ययन किया गया, जिसका नाम था आई, फैमिली इस अध्ययन ने माता-पिता को संदेश दिया है, ना कहना सीखें।

अगली बार जब आपका बच्चा किसी आईपैड, चिप्स के पैकेट, कोला या चॉकलेट के लिए आपको तंग करे, तो आप दृढ़ता के साथ नहीं कहें। अध्ययन के मुताबिक, बच्चों को भविष्य में कार्डियो-मेटाबोलिक सिंड्रोम से बचाने का यही तरीका है। इस सिंड्रोम से ग्रस्त बच्चे मोटापा, डायबिटीज, दिल की बीमारियों या फैटी लिवर के शिकार हो सकते हैं।

● **बच्चों को खेल-कूद के लिए बढ़ावा दें**

पिछले पांच वर्षों से फैटी लिवर का शिकार होने वाले बच्चों की तादाद बढ़ती गई है। ये होता है हाइपरइन्सुलिनीमिया की वजह से, जिसमें शरीर की मांसपेशियां इन्सुलिन से प्रतिक्रिया करना बंद कर देती हैं और जरूरत से ज्यादा बन रहे इस हॉर्मोन का बोझ लिवर पर आ जाता है।



इसलिए जरूरी है कि बच्चों की उम्र के मुताबिक उनकी मांसपेशियों की मजबूती बढ़ाई जाए जिसके लिए बेहतर तरीका है खेल-कूद। इसलिए हर दिन कम से कम 90 मिनट तक बच्चों के खेल-कूद को हर चीज पर प्राथमिकता दें।

● खाना पकाना सिखाएं

दुनियाभर में इस बात को माना जा रहा है कि बच्चों को 4 साल की उम्र से ही खाना पकाने के काम में शामिल करना चाहिए और इसे स्कूल के पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए।

बच्चे ये सीखेंगे कि आटे में कितना पानी डालने के बाद वो रोटी बनाने लायक होता है, या कैसे एक चम्मच भर दही हल्के गर्म दूध में डालने से वो आठ घंटे के भीतर दही बन जाता है, तो इससे उनकी कल्पनाशीलता को भी बढ़ावा मिलेगा।

● विज्ञापनों के प्रभाव में न आएं

कई देशों में बच्चों के लिए पैकेटबंद उत्पादों के विज्ञापन नहीं दिखाए जा सकते। दूसरी तरफ हमारे देश में टीवी स्क्रीन पर मम्मियां अपने बच्चे को कॉर्न सीरप या दूध में प्रिजर्वेटिव भरे पाउडर डालकर पिलाती हैं और बताती हैं कि कैसे इस वजह से उनके बच्चों की याददाश्त या कद बढ़ा है।

हम तो ज्यादातर समय कोला, चिप्स, इंस्टैंट नूडल्स वगैरह बेचने के लिए अपने सेलेब्रिटीज को भी जिम्मेदार नहीं मानते और इन प्रोडक्ट के लुभावने विज्ञापनों और गुनगुनाने लायक जिंगल्स के प्रभाव में आ जाते हैं।

फूड इंडस्ट्री की हरसंभव कोशिश होती है कि हम उनके रेडीमेड प्रोडक्ट्स खरीदें, लेकिन कुछ सोचें या पकाएं नहीं। काफी हद तक हमारा कोलाकरण हो चुका है। इसलिए जब तक विज्ञापनों के लिए रेगुलेशन नहीं बनते, बच्चों को विज्ञापन के फायदे-नुकसान सिखाने की जिम्मेदारी माता-पिता और स्कूलों की है।

# बच्चा दूध नहीं पीता तो करें ये उपाय



**अक्सर** देखा जाता है कि माता-पिता इस बात की शिकायत करते दिखते हैं कि उनका बच्चा दूध नहीं पीता है। इस बात को लेकर अभिभावकों का तनाव लेना भी जायज है क्योंकि दूध बच्चों के शारीरिक विकास में काफी मदद करता है। तो अगर आपका बच्चा भी दूध पीने में नखरे करता है तो ये उपाय करें।

**दूध में डाले एसेंस**

**ज्यादातर** बच्चों को दूध में से आने वाली गंध पसंद नहीं आती है। इस समस्या को बड़ी आसानी से दूर किया जा सकता है। दूध में थोड़ा सा वनिला या अन्य एसेंस डालें इससे स्वाद बदलने के साथ ही दूध की महक भी दूर हो जाएगी और आपके बच्चा झट से ग्लास खाली कर देगा।

**फ्लेवर बदलें**

**बच्चे** को प्लेन मिल्क पसंद नहीं है तो कोई बात नहीं। उसके ग्लास में दूध के साथ बाजार में मिलने वाले उसके पसंद के मिल्क मिक्स डालें। आप चाहें तो घर पर बादाम जैसे ड्राई फ्रूट्स को भी दूध में मिक्स कर सकती हैं। इससे बच्चा दूध पीने में बिल्कुल भी नखरे नहीं करेगा।

**कॉर्न फ्लैक्स या सीरियल्स की लें मदद**

**बच्चा** ग्लास से दूध पीने में आनाकानी कर रहा है तो उसे मिल्क कॉर्न फ्लैक्स या सीरियल्स के साथ सर्व करें। चाहे तो आप अलग-अलग फ्लेवर या शेप के सीरियल्स भी दे सकते हैं। इससे फायदा यह होगा कि इनके सेवन के साथ ही बच्चे के पेट में दूध भी चला जाएगा।

**गाय या भैंस का दूध**

**गाय** या भैंस के दूध का फ्लेवर अलग-अलग होता है। संभव है कि आपके बच्चे को इनमें से सिर्फ किसी एक का स्वाद पसंद न हो। भैंस और गाय का दूध अलग-अलग दिन बच्चे को देकर देखें, हो सकता है कि उसे किसी एक फ्लेवर से सिर्फ दिक्कत हो और दूसरा फ्लेवर उसे पसंद आ जाए।

## बच्चों के साथ बैठकर खाना खायें

**सुबह** का नाश्ता बेहद जरूरी है, यह बात आप कई बार पढ़ चुके होंगे। बीते दिनों हुए एक अध्ययन के अनुसार परिवार अगर साथ में बैठकर खाना खाता है तो इसका सकारात्मक असर बच्चों और टीनेजर्स पर पड़ता है। शोधकताओं के अनुसार किशोर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया के दवाब में रहते हैं। इसके चलते वे कई बार खाने-पीने से जुड़े गलत फैसले लेते हैं और उन्हें ईटिंग डिसॉर्डर जैसी समस्याएं हो जाती हैं। अध्ययनकताओं ने 12,642 छात्रा पर अध्यान किया जिसके बाद ये परिणाम आये। जो बच्चे नियमित रुप से अपने अभिभावकों के साथ नाश्ता करते थे वे अपनी बॉडी इमेज को लेकर सकारात्मक हैं। सिर्फ ब्रेकफस्ट ही नहीं परिवार के साथ खाना खाने के भी परिणाम सकारात्मक आए हैं। बच्चों के लिए सेहतमंद नाश्ता बनाना हमेशा एक कठिन काम रहता है और उससे भी ज्यादा मुश्किल होता है बच्चों में सेहतमंद खाने की आदत डालना। ऐसे में जरूरी होता है कि आप बच्चे के लिए जो ब्रेकफस्ट बना रही हैं वो हेल्दी के साथ-साथ टेस्टी भी हो ताकि आपका बच्चा उसे खाने से आना-कानी न करे बल्कि उसे पूरे चाव से खा ले। इतना ही नहीं, बच्चे में हेल्दी ब्रेकफस्ट से जुड़ी आदतें विकसित करने के लिए कुछ जरूरी नियमों का भी पालन किया जाना चाहिए।

# बच्चे को तय समय तक ही करने दें मोबाइल और कम्प्यूटर का उपयोग



**आजकल** बच्चे और किशोर जिस प्रकार मोबाइल और कम्प्यूटर का इस्तेमाल कर रहे हैं। वह आने वाले समय में इनके लिए घातक हो सकता है। अध्यनकताओं के अनुसार तकनीकी गैजेट्स का लंबे समय तक इस्तेमाल घातक हो सकता है। बच्चे और किशोर मोबाइल और कंप्यूटर पर गेम खेलते समय काफी देर तक एक ही जगह पर बैठे रहते हैं। इससे रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ता है। एक ही मुद्रा में बैठकर काम करने से रीढ़ की हड्डी को नुकसान पहुंचता है। ऐसे में अभिभावकों को देखना चाहिये की बच्चों तय समय से ज्यादा गैजेट्स का इस्तेमाल न करें। अभिभावक इस मामले में बच्चों और किशोरों को बताये कि यह उनकी सेहत के लिए नुकसानदेह है। उन्हें समझाएं कि जीवनशैली में बदलाव व्यायाम और खानपान सही रख कर ही रीढ़ की हड्डी को होने वाले नुकसान से बच सकते हैं।

**रीढ़ की हड्डी को हो रहा नुकसान**

**डॉक्टरों** के अनुसार रीढ़ की हड्डी की बिमारी रिपिटिटिव स्ट्रेस इन्जरी (आरएसआई) को बार-बार एक ही प्रकार की गतिशीलता और ओवर यूज की वजह से मांसपेशियों, टेंडंस और नर्व्स में दर्द के रूप में परिभाषित किया जाता है। इस स्थिति को ओवरयूज सिंड्रोम, वर्क रिलेटेड अपर लिंब डिसॉर्डर या नॉन-स्पेसिफिक अपर लिंब के रूप में भी जाना जाता है.

उन्होंने कहा कि स्क्रीन का इतना लंबा और अनावश्यक एक्सपोजर स्पाइन पर बेकार का तनाव डालता है और इससे लिगामेंट में स्प्रेन का खतरा बढ़ जाता है जो वर्टिब्रा को बांधकर रखता है, ऐसे में मांसपेशियों में कड़ापन आने लगता है और डिस्क में समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है।

**निष्क्रिय जीवनशैली से युवाओं में बढ़ रहा सर्विकल स्पाइन**

**इंसान** की रीढ़ को मूवमेंट के सपोर्ट के लिए डिजाइन की गई है और अगर यह इस्तेमाल में रहती हैं तो स्वस्थ्य बनी रहती है। आज के युवाओं को समस्या इसलिए हो रही है, क्योंकि वे निष्क्रिय जीवनशैली जी रहे हैं, जिसमें गैजेट पर निर्भरता काफी ज्यादा बढ़ गई है। अधिकतर युवाओं में देखी जा रही आम समस्या है सर्विकल स्पाइन और पीठ की, जैसे कि स्लिप

**डिस्क, रिपिटिटिव स्ट्रेस इन्जरी, सोर बैक और लिमामेंट की चोट**

**इस** मामले में सबसे जरूरी है समय पर समस्या की पहचान, जिससे मेडिकल और सर्जिकल इंटर्वेशन की जरूरत कम पड़ती है और समस्या का समाधान जीवनशैली में बदलाव लागू किया जा सकता है। इसके तहत अच्छा पोषण, हल्का व्यायाम और नियमित अंतराल में थोड़ी-थोड़ी देर तक टहलकर सिटिंग टाइम को कम करके दिक्कतों को दूर किया जा सकता है।

# 9 लाख साल पहले खत्म होनेवाले थे इंसान

**0.2 से 1 अरब** आबादी हुई — **1 से 8 अरब** आबादी हुई

| साल | आबादी |
|---|---|
| 1 ईसवी | 0.2 अरब |
| 1000 | 0.275 अरब |
| 1500 | 0.45 अरब |
| 1650 | 0.5 अरब |
| 1750 | 0.7 अरब |
| 1804 | 1 अरब |
| 1850 | 1.2 अरब |
| 1900 | 1.6 अरब |
| 1930 | 2 अरब |
| 1950 | 2.55 अरब |
| 1960 | 3 अरब |
| 1974 | 4 अरब |
| 1980 | 4.5 अरब |
| 1987 | 5 अरब |
| 1998 | 6 अरब |
| 2010 | 7 अरब |
| [illegible] | [illegible] |



**आज** से 9 लाख साल पहले पृथ्वी पर सिर्फ 1,280 लोग बचे थे। जेनेटिक रिसर्च में इसका खुलासा हुआ है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के रिसर्चर्स का कहना है कि करीब 9 लाख 30 हजार साल पहले ऐसी स्थिति बनी थी जिससे इंसानों का अस्तित्व ही नहीं होता। दरअसल, करीब 9 लाख साल पहले पृथ्वी पर 98 हजार लोग थे। इसके बाद मौसम में हुए बदलाव के कारण इन लोगों की मौत होने लगी। इस स्थिति को 'बॉटलनेक' कहा गया। ये 'बॉटलनेक' अवधि एक लाख 17 हजार साल तक रही। इस दौरान पृथ्वी पर सिर्फ 1,280 लोग ही बचे थे। साइंस जर्नल में पब्लिश हुई रिसर्च में कहा गया कि 'बॉटलनेक' अवधि की शुरूआत में हमारे 98.7 प्रतिशत पूर्वज खत्म हो गए थे। यानी इनकी संख्या 1,280 बची थी। इससे इंसानों का अस्तित्व खतरे में आ गया था। हालांकि, बॉटलनेक अवधि खत्म होने के बाद जनसंख्या बढ़ी और आज पृथ्वी पर 8 अरब (800 करोड़) से ज्यादा लोग रहते हैं। रिसर्च की मानें तो 'बॉटलनेक' के कारण ही मनुष्यों को दो वंशों में विभाजित किया गया- निएंडरथल और मॉडर्न ह्यूमन। निएंडरथल 40 हजार साल पहले विलुप्त हो गए थे। निएंडरथल मानव होमो वंश का एक विलुप्त मेंबर है। जर्मनी में निएंडर की घाटी में आदिमानव की कुछ हड्डियां प्राप्त हुई थीं, जिनके आधार पर इनका नाम निएंडरथल मानव रखा गया था। इनका कद अन्य मानवजातियों की अपेक्षा छोटा था। अभी तक की स्टडी से मिली जानकारी के मुताबिक कद 4.5 से 5.5 फिट तक था। जीवाश्मीकृत (फॉस्लाइजड) निएंडरथल की हड्डियां सबसे पहले वेस्टर्न जर्मनी के डसेलडोर्फ शहर की निएंडर घाटी में मिलीं, इसलिए इन्हें निएंडरथल कहा गया। विलुप्त होने से पहले यानी 40 हजार साल पहले निएंडरथल ऐसे दिखते थे। जीवाश्मीकृत (फॉस्लाइजड) निएंडरथल की हड्डियां सबसे पहले वेस्टर्न जर्मनी के डसेलडोर्फ शहर की निएंडर घाटी में मिलीं, इसलिए इन्हें निएंडरथल कहा गया। विलुप्त होने से पहले यानी 40 हजार साल पहले निएंडरथल ऐसे दिखते थे। अब सवाल ये उठता है कि क्लाइमेट चेंज से इंसानों का अस्तित्व कैसे खतरे में आया था। रिसर्चर्स के मुताबिक, 'बॉटलनेक' अवधि के दौरान मौसम में बहुत तेजी से बदलाव आए। इस बदलाव को मिड-प्लीस्टोसीन ट्रांजिशन कहा गया। इसमें ग्लेशियल पीरियड बढ़ता गया। दूसरे शब्दों में कहें तो ये दौर आइस एज का था। यानी पृथ्वी पर असहनीय ठंडी थी और हवा में नमी कम हो गई थी। ज्यादातर हिस्से सूखे थे। ये स्थिति किसी भी इंसान के सर्वाइवल के लिए काफी मुश्किल थी।

**पृथ्वी पर सिर्फ 1,280 लोग बचे थे, वजह- तेजी से गिरता तापमान था**

DNA में होने वाले जेनेटिक वेरिएशन की तुलना करके, वैज्ञानिक एंशिएंट पॉपुलेशन (प्राचीन आबादी के लोगों, जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहते थे, इधर-उधर घूमते थे और आपस में जुड़े हुए थे) के वंश का पता लगा सकते हैं। वैज्ञानिक इतिहास के अलग-अलग समय में उन आबादी की संख्या का भी अनुमान लगा सकते हैं।


चीन के रिसर्चर्स ने ह्यूमन इवोल्यूशन को समझने के लिए नया तरीका खोजा। इसे नाम दिया FitCoal यानी Fast Infinitesimal Time Coalescent। इसके जरिए वैज्ञानिक मानव इतिहास (ह्यूमन इवोल्यूशन) को समय के आधार पर बांट सकते हैं। आसानी से समझें तो FitCoal के जरिए सैकड़ों या हजारों साल में हुए बदलावों (इवोल्यूशन) को महीनों में बांटा गया। वैज्ञानिकों ने धरती पर अलग-अलग कालखंडों में मानव आबादी का अनुमान लगाने के लिए 3000 लोगों के जीनोम से आनुवांशिक आंकड़े जुटाए। इससे पता चला कि 9.30 से 8.13 लाख साल पहले धरती पर करीब 1 लाख इंसान रहा करते थे। धीरे-धीरे ये घटकर 1,280 रह गए। इन्हीं 1,280 लोगों से आज की मानव जाति का विकास हुआ है। रिसर्चर डॉक्टर ली कहते हैं- FitCoal एक ऐसा टूल या मैथड है, जिसके जरिए हम जिंदा चीजों के बनने और उनमें बदलाव को किसी टाइम फ्रेम में बांटकर देख सकते हैं। ये लिविंग थिंग्स यानी जिंदा चीजें इंसान भी हो सकते हैं और पेड़-पौधे भी।

**आबादी को 100 करोड़ तक पहुंचने में 1800 साल लगे**

**ग्राफिक्स** में दिए गए आंकड़े साफ करते हैं कि ईसा के जन्म के समय दुनिया की आबादी 20 करोड़ के करीब थी। इसे 100 करोड़ तक पहुंचने में करीब 1800 साल लगे। इसके बाद यानी 100 करोड़ से 200 करोड़ तक पहुंचने में दुनिया को 130 साल ही लगे।

**धरती पर अगले 18 साल में 850 करोड़ इंसान होंगे**

**ताजा** ट्रेंड देखें तो केवल 12 साल में धरती पर मौजूद इंसानों की संख्या 700 करोड़ से बढ़कर 800 करोड़ हो गई। वठ के अनुमान के मुताबिक, 2030 तक दुनिया की आबादी बढ़कर 850 करोड़ तक पहुंच सकती है। हालांकि वठ ने यह भी कहा है कि 1950 के बाद से पहली बार 2020 में जनसंख्या बढ़ोतरी की दर में एक फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है।



## विक्की कौशल है भजन कौशल

**यशराज** फिल्म्स ने कहा है कि बहुप्रतीक्षित सिंगिंग सेंसेशन, भजन कुमार कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल हैं। हाल ही में विक्की को भजन कुमार के रूप में लॉन्च करते हुए, वाईआरएफ ने थिएट्रिकल रिलीज द ग्रेट इंडियन फैमिली (टीजीआईएफ) का पहला गाना कन्हैया ट्विटर पे आजा लॉन्च किया, जो फिल्म में विक्की का बड़ा एंट्री सॉन्ग है। विक्की कौशल ने खुलासा किया, मैं हमारी अनूठे पारिवारिक मनोरंजक फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली में भजन कुमार नाम के एक सिंगिंग स्टार की भूमिका निभा रहा हूं और हमने वास्तव में इस तथ्य का खुलासा करने से पहले कि मैं फिल्म में यह किरदार निभा रहा हूं, कुछ मौज-मस्ती करने का फैसला किया। वह कहते हैं, एक अभिनेता के रूप में, मुझे लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना पसंद है और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे हासिल करने में सक्षम हूं। तो, अब बिल्ली थैले से बाहर आ गई है ! मुझे उम्मीद है कि लोगों को टीजीआईएफ में मेरा नया अवतार पसंद आएगा। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि भजन कुमार को दर्शक किस तरह पसंद करते हैं। मैं जानता हूं कि मैंने उन्हें बड़े पर्दे पर जीवंत करने के लिए अपना दिल लगा दिया है।



## एक झलक

### सैमसंग गैलेक्सी एस24 एफइ शानदार शुरुआती ऑफर के उपलब्ध

**रांची** : सैमसंग ने गैलेक्सी एस24 एफइ की बिक्री शुरू होने की घोषणा की है जो गैलेक्सी एआई इकोसिस्टम का सबसे नया प्रोडक्ट है। ये उपभेक्ताओं को प्रीमियम मोबाइल अनुभव प्रदान करता है। आज से, गैलेक्सी एस24 एफइ सैमसंग.कॉम और सभी बड़े रिटेल स्टोर पर उपलब्ध होगा। एआई आधारित प्रोविजुअल इंजन और गैलेक्सी एआई के फोटो असिस्ट फीचर पर चलने वाला गैलेक्सी एस24 एफइ, बेहतर कैमरा सेटअप के साथ आता है जो यूजर को अधिक क्रिएटिव बनाता है। 6.7 इंच के डायनैमिक एमोलेड 2 डिस्प्ले, लंबे समय तक चलने वाली 4700 एमएएच की बैटरी और शक्तिशाली एक्सीनॉस 2400 सीरीज चिपसेट के साथ यह चलते-फिरते गेमिंग करने के लिए एकदम सही डिवाइस है। गैलेक्सी एस24 एफइ कम्युनिकेशन, प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी को बढ़ाने के लिए प्रीमियम गैलेक्सी एआई टूल और इकोसिस्टम कनेक्टिविटी प्रदान करता है-ये सभी एक शानदार डिजाइन में पेश किए गए है। गैलेक्सी एस24 एफइ को सैमसंग नॉक्स की मजबूत सेफ्टी भी हासिल है।

### वी बिजनेस ने इन्फीनिटी लैब्स लिमिटेड के साथ की साझेदारी

**रांची** : दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने अपने हाइब्रिड एसडी-वैन पोर्टफोलियो के तहत मेक-इन-इंडिया एसडी-वैन सोल्युशन पेश करने के लिए इन्फीनिटी लैब्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी आधुनिक एआई-आधारित सुरक्षा फीचर्स के द्वारा भारतीय उद्यमों के पोर्टफोलियो को सशक्त बनाएगी और उन्हें साइबर हमले के बढ़ते खतरे के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करेगी। यह पहल आधुनिक स्वदेशी टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन्स उपलब्ध कराने की वी बिजनेस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आज के दौर में कारोबार के डिजिटल माहौल के बीच किसी भी उद्यम के लिए सुरक्षा का मजबूत ढांचा बहुत अधिक मायने रखता है। कारोबारों को विभिन्न समाधान जैसे हाइब्रिड नेटवर्क, इंटीग्रेटेड सुरक्षा, इंटेलीजेन्ट राउटिंग, मॉनिटरिंग और एनालिटिक्स उपलब्ध कराने के लिए हाइब्रिड एसडी-वैन को डिजाइन किया गया है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली** : वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के भाव रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.47 प्रतिशत की गिरावट लेकर 75.49 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत लुढ़क कर 78.79 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वहीं नई दिल्ली में पेट्रोली 94.72 प्रति लीटर, डीजल 87.62 प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 प्रति लीटर, डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए प्रति लीटर, डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर एवं कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए प्रति लीटर, डीजल 90.76 रुपए प्रति लीटर है।

# 07 कम्पनियों के मार्केट कैप में 1.22 लाख करोड़ की गिरावट

**नयी दिल्ली** : सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप में करीब 1.22 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। मार्केट कैप में गिरावट होने के मामले में सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबार में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 35,638.16 करोड़ रुपये घट कर 15,01,723.41 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 21,351.71 करोड़ रुपये घट कर 18,55,366.53 करोड़ रुपये हो गया। इस सप्ताह मार्केट कैप में गिरावट का सामना करने वाली



तीसरी कंपनी आईटीसी रही। आईटीसी का मार्केट कैप 18,761.40 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,10,933.66 करोड़ रुपये रह गया। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 16,047.71 करोड़ रुपये कम होकर 6,53,315.60 करोड़ रुपये रह गया। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम का मार्केट कैप 13,946.62 करोड़ रुपये घट कर 6,00,179.03 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 11,363.35 करोड़ रुपये घट कर 8,61,696.24 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 4,998.16 करोड़ रुपये कम हो कर 12,59,269.19 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर भारती एयरटेल का मार्केट कैप 26,330.84 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,60,435.16 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंफोसिस का मार्केट कैप 6,913.33 करोड़ बढ़ कर 8,03,440.41 करोड़ रुपये के स्तर पर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 3,034.36 करोड़ बढ़ कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,55,366.53 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 15,01,723.41 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,59,269.19 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,60,435.16 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,61,696.24 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 8,03,440.41 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,13,968.95 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 6,53,315.60 करोड़ रुपये), आईटीसी (कुल मार्केट कैप 6,10,933.66 करोड़ रुपये) और एलआईसी (कुल मार्केट कैप 6,00,179.03 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## सैमसंग का 6 जेनरेशन ओएस अपग्रेड वाला पहला फोन जल्द होगा भारत में लॉन्च

**गुरुग्राम** : सैमसंग ने भारत में जल्द ही गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगा, जिसमें 6 जेनरेशन के ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड और 6 वर्षों तक सुरक्षा अपडेट दिए जायेंगे। प्रीमियम डिजाइन, बड़े डिस्प्ले और पतले बेजल्स के साथ यह फोन गोल्ड, लाइट ग्रीन और ब्लू ब्लैक रंगों में उपलब्ध होगा। स्मार्टफोन के फीचर्स इसे अपने सेगमेंट में एक बेहतरीन विकल्प बनाते हैं, जो उपभोक्ताओं को उनके निवेश का उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करेगा। हालांकि अभी इस मोबाइल की लॉन्च डेट आना बाकी है लेकिन आपको बता दें कि यह ग्लोबल बाजार में लॉन्च हो चुका है। इसके साथ ही इंडिया में आने की पुष्टि के साथ ही प्रमुख स्पेसिफिकेशंस की जानकारी भी मिली है। वहीं, अनुमान है कि यह डिवाइस इसी महीने पेश हो सकता है। उम्मीद यह भी है की ब्रांड द्वारा इसे दिवाली से पहले सेल के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। यह स्मार्टफोन पानी और धूल से बचाव करने में सक्षम है। इसमें 'नॉक्स वॉल्ट चिपसेट' भी होगा, जो आपके जरूरी डेटा जैसे पिन और पासवर्ड को सुरक्षित रखने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे फोन में आपकी महत्वपूर्ण जानकारी सुरक्षित रहेगी। अपने डेटा की सुरक्षा की चिंता करने की आपको कोई जरूरत नहीं होगी।

## अगले कारोबारी सप्ताह में टीसीएस समेत 03 कम्पनियों के शेयर होंगे एक्स डिविडेंड, 04 शेयर होंगे स्प्लिट

**नयी दिल्ली** : सोमवार से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान स्टॉक मार्केट में बड़ी हलचल बनी रहने वाली है। अगले सप्ताह के दूसरे दिन यानी 15 अक्टूबर को ही देश का अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ खुलने वाला है। हुंडई मोटर इंडिया का ये आईपीओ 17 अक्टूबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। इस भारी भरकम आईपीओ के अलावा कुछ अन्य कंपनियों के शेयर में भी अगले सप्ताह हलचल बनी रहेगी। इनमें से कुछ शेयर एक्स डिविडेंड होने वाले हैं, वहीं कुछ शेयर स्प्लिट होने वाले हैं। एक्स डिविडेंड का मतलब एक ऐसी खास तारीख होती है या कट ऑफ डेट होता है, जिस दिन तक शेयर की खरीदारी करने से निवेशकों को डिविडेंड मिलता है। उस खास दिन के बाद अगर शेयर की खरीदारी की जाती है, तो निवेशकों को डिविडेंड का फायदा नहीं मिलता है। इसी तरह शेयर स्प्लिट का मतलब किसी खास शेयर का एक तय अनुपात में बंट जाना होता है। इसमें निवेशकों के पोर्टफोलियो की वैल्यू में बदलाव नहीं होता है, लेकिन शेयरों की संख्या बढ़ जाती है। अगले सप्ताह 16 अक्टूबर को एनआरबी बेयरिंग के शेयर एक्स डिविडेंड हो जाएंगे। कंपनी ने निवेशकों को इंटिरिम डिविडेंड के रूप में प्रति शेयर 2.50 रुपये देने का ऐलान किया है। इसी तरह सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 18 अक्टूबर को आनंद राठी वेल्थ के शेयर एक्स डिविडेंड होने वाले हैं। कंपनी ने अपने शेयर होल्डर्स को इंटिरिम डिविडेंड के रूप में प्रति शेयर 7 रुपये देने का ऐलान किया है। इसके अलावा 18 अक्टूबर को ही देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) भी एक्स डिविडेंड होने वाली है। टीसीएस अपने शेयर होल्डर्स को इंटिरिम डिविडेंड के रूप में 10 रुपये प्रति शेयर देगी। इस सप्ताह चार कंपनियों के शेयर स्प्लिट होने वाले हैं। इनमें अबांस इंटरप्राइजेज और ट्राईडेंट ग्लोबल फाइनेंस अपने एक शेयर के बदले में निवेशकों को 5 शेयर देंगी। स्टॉक स्प्लिट के लिए 15 अक्टूबर को कट ऑफ डेट तय किया गया है। इसी तरह पॉडी ऑक्साइड एंड केमिकल्स के शेयर होल्डर्स को एक शेयर के बदले में दो शेयर मिलेंगे। इस कंपनी ने स्टॉक स्प्लिट के लिए 16 अक्टूबर की तारीख तय की है। इसके अलावा हर्षल एग्रोटेक के एक शेयर के बदले में शेयर होल्डर्स को 10 शेयर मिलेंगे।

### सीसीपीए ने ओला को रिफंड के विकल्प और रसीद देने का दिया आदेश

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने टैक्सी सर्विस देने वाली कंपनी ओला को उपभोक्ता अनुकूल बदलाव लागू करने का निर्देश दिया है। इस आदेश में रिफंड के विकल्प देना और 'ऑटो राइड' के लिए रसीदें देना भी शामिल है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में बताया कि सीसीपीए ने राइड हेलिंग प्लेटफॉर्म यानी टैक्सी सर्विस देने वाली कंपनी ओला को रिफंड मोड के संबंध में उपभोक्ताओं को विकल्प मुहैया करने के लिए तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया है। नियामक ने साथ ही ओला को अपने प्लेटफॉर्म मंच के जरिए बुक की गई सभी 'ऑटो राइड' के लिए बिल जारी करने का आदेश भी दिया है। मंत्रालय के मुताबिक प्राधिकरण की मुख्य आयुक्त निधि खरे के नेतृत्व में सीसीपीए ने यह पाया कि ओला की रिफंड नीति में केवल भविष्य की राइड के लिए कूपन कोड दिये गये थे।


## उत्तराखंड में भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास हुआ पुरा 'काजिंद'




**देहरादून/जोशीमठ** : भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद-2024 का आठवां संस्करण रविवार को सूर्या विदेश प्रशिक्षण नोड, औली में संपन्न हुआ। इस दौरान संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा और आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना को लेकर अभ्यास किया गया। यह अभ्यास 30 सितंबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया गया था। काजिंद अभ्यास भारत और कजाकिस्तान में वैकल्पिक रूप से आयोजित एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। पिछला संस्करण जुलाई, 2023 में कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। कुल 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन और भारतीय वायु सेना के अलावा अन्य सेवाओं के कर्मियों की ओर से किया गया था जबकि 60 कर्मियों वाली कजाकिस्तान टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से सैन्य बल, वायु रक्षा बल और एयरबोर्न असॉल्ट सैन्य कर्मियों की ओर से किया गया था। अभ्यास काजिंद का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय आठ के तहत एक उप पारंपरिक परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना था। संयुक्त अभ्यास अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालन पर केंद्रित था। संयुक्त प्रशिक्षण से जो उद्देश्य प्राप्त हुए उनमें उच्च स्तर की शारीरिक योग्यता, सामरिक स्तर पर संचालन के लिए अभ्यास और परिष्कृत अभ्यास और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है। अभ्यास के दौरान किए गए सामरिक अभ्यास में एक परिभाषित क्षेत्र पर कब्जा करने की कार्रवाई, आतंकवादी कार्रवाई का जवाब देना, एक संयुक्त आदेश चौकी की स्थापना, एक खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, एक हेलीपैड/लैंडिंग साइट की सुरक्षा, फ्री फॉल और विशेष हेलिबोर्न ऑपरेशन शामिल थे। अभ्यास में घेराबंदी और तलाशी अभियान के अलावा ड्रोन का इस्तेमाल और ड्रोन विरोधी प्रणाली का उपयोग भी शामिल रहा। संयुक्त अभ्यास ने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के कर्मियों के बीच अंतर-संचालन और सौहार्द विकसित करने में मदद की। इससे रक्षा सहयोग का स्तर भी बढ़ा, जिससे दोनों मित्र राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती मिली है। संयुक्त अभ्यास के समापन समारोह में कजाकिस्तान सेना के उप प्रमुख कर्नल डी खमितोव, कजाकिस्तान सेना के दक्षिणी कमान के क्षेत्रीय बल कमांडर कर्नल नुरलान करिबयेव और ब्रिगेडियर उपिंदर पाल सिंह, कमांडर 116 इन्फैंट्री ब्रिगेड ने मौजूद रहे।

## सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोना और चांदी के भाव चढ़े

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में आज आए उछाल के कारण देश के अधिकांश सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये से लेकर 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,350 से लेकर 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में तेजी आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु आज 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत



71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजारों में भी तेजी आने की वजह से आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों- बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## दिल्ली में धूल प्रदूषण फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : गोपाल राय

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े साझा करते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को कहा कि दिल्ली में पिछले दो साल से लगातार जनवरी से अक्टूबर तक 200 से ज्यादा अच्छे दिन रहे हैं जबकि वर्ष 2016 में मात्र 109 दिन ही अच्छे रहे थे। आमतौर पर दशहरा के अगले दिन दिल्ली का एक्यूआई खराब कैटेगरी में होता है लेकिन इस बार बारिश नहीं होने के बावजूद हवा स्वच्छ रही है। उन्होंने कहा कि सोमवार से धूल प्रदूषण पैदा करने वालों को किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। अगर कोई धूल प्रदूषण फैलाता हुआ पाया गया तो एंटी डस्ट कैंपेन के तहत उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गोपाल राय ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरे उत्तर भारत और खास तौर से दिल्ली में सर्दियों का मौसम प्रदूषण लेकर आता है लेकिन आज हम लोग दशहरा के अगले दिन दिल्ली की साफ हवा के बीच सांस ले रहे हैं। आमतौर पर दशहरा के अगले दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब स्थिति में पहुंच जाती है। दिल्ली में पिछले 10 दिनों से बारिश नहीं हुई है। इसके बावजूद एयर क्वालिटी इंडेक्स खराब स्थिति से बाहर है। यह दिल्ली के अंदर लगातार दूसरा साल है।

### फारस की खाड़ी में तैनात भारतीय जहाज बहरीन और यूएई पहुंचे

## भारत से मजबूत रक्षा संबंधों का संकेत, समुद्री सुरक्षा सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

**नयी दिल्ली** : फारस की खाड़ी में लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती जारी रखते हुए भारत के दो जहाज बहरीन के मनामा बंदरगाह पर और एक जहाज यूएई के पोर्ट राशिद पर पहुंच गए हैं। बंदरगाह पर व्यावसायिक बातचीत, क्रॉस शिप विजिट, संयुक्त प्रशिक्षण सत्र, योग सत्र, बैंड संगीत कार्यक्रम, मैत्रीपूर्ण खेल कार्यक्रम, सामाजिक संपर्क और सामुदायिक कल्याण गतिविधियों की योजना बनाई गई है। यह यात्रा बहरीन और यूएई के साथ भारत के बढ़ते रक्षा संबंधों का संकेत है, साथ ही समुद्री सुरक्षा सहयोग और नौसेनाओं के बीच बेहतर तालमेल को बढ़ावा देती है। भारतीय नौसेना ने प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1 टीएस) के



अपने जहाज तीर और शार्दुल तथा भारतीय तटरक्षक बल के जहाज वीरा को लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती पर भेजा है। तीनों भारतीय जहाजों ने 9 अक्टूबर को मस्कट, ओमान की यात्रा पूरी कर ली। चार दिवसीय यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना ने विभिन्न मोर्चों पर ओमान की रॉयल नेवी के साथ बातचीत की, जिससे दोनों समुद्री देशों के बीच संबंध और गहरे बने तथा मैत्री के सेतु मजबूत हुए। आईएनएस तीर एवं आईसीजीएस वीरा 12 अक्टूबर को बहरीन के मनामा बंदरगाह पर पहुंच गए हैं। भारतीय नौसेना समुद्री संचालन और सर्वोत्तम साझा प्रथाओं के विभिन्न क्षेत्रों में रॉयल बहरीन नौसेना बलों (आरबीएनएफ) के साथ जुड़ने के लिए तैयार है। समुद्री भागीदारी अभ्यास की योजना बनाने और उसे संचालित करने के लिए दोनों नौसेनाओं की परिचालन टीमों के बीच समन्वय बैठक भी निर्धारित है। सहयोगात्मक जुड़ाव के हिस्से के रूप में भागीदारों के साथ प्रशिक्षण बातचीत और क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा की पुष्टि भी इस यात्रा के दौरान होगी। भारतीय नौसेना के समुद्री प्रशिक्षु रॉयल बहरीन नौसेना की विभिन्न प्रशिक्षण सुविधाओं और प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे।

### विमानन क्षेत्र की दिग्गज कम्पनी बोइंग में होगी छंटनी

**फ्रांसिस्को** : विमानन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बोइंग अपने कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी अपने वर्कफोर्स के करीब 10 प्रतिशत भाग यानि 17,000 लोगों को इस छंटनी का हिस्सा बनायेगी। इसका मुख्य कारण वित्तीय संकट बताया जा रहा है। बोइंग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कर्मचारियों को ईमेल भेजकर इस फैसले की घोषणा की। यह छंटनी आने वाले महीनों में होगी और इसमें अधिकारी, प्रबंधक और कर्मचारी शामिल होंगे। कंपनी ने कहा कि हमारा व्यवसाय मुश्किल स्थिति में है और हम सभी के सामने आने वाली चुनौतियों को बढ़ा-चढ़ा कर बताना मुश्किल है। मौजूदा माहौल से निपटने के अलावा हमें अपनी कंपनी को फिर से खड़ा करने के लिए कड़े फैसले लेने होंगे। इसके लिए कंपनी को संरचनात्मक बदलाव करने होंगे ताकि हम प्रतिस्पर्धी बने रह सकें और लंबे समय तक अपने ग्राहकों को सेवाएं दे सकें। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब कंपनी एक मुश्किल वर्ष का सामना कर रही है।

# मांग बढ़ने से अधिकांश तेल-तिलहन में देखा गया सुधार

**नयी दिल्ली** : आयातित खाने के तेलों की कम आपूर्ति के बीच बढ़ती त्योहारी मांग की वजह से देश के थोक तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम में मजबूती रही तथा मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव सुधार दर्शाते बंद हुए। दूसरी ओर, सरसों तेल-तिलहन और सोयाबीन तेल के दाम पूर्ववत बने रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन और बिनौला की आवक निरंतर घट रही है। किसानों से जो ऊपज तेल संयंत्रों को मिलना था, उस सौदे को स्टॉकिस्ट जमा कर रहे हैं। किसान अपनी ऊपज



सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेचने को लेकर कहीं अधिक आश्वस्त नजर आ रहे हैं क्योंकि मंडियों में उनकी ऊपज के दाम लगभग 10 प्रतिशत कम लगाये जा रहे हैं। सरकार को सोयाबीन बेचने के लिए किसान अपना पंजीकरण कराने में लगे हैं और खुले मंडियों में कम ऊपज ला रहे हैं। इस कम आपूर्ति की वजह से सोयाबीन तिलहन कीमत में सुधार है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर मंडियों में कम आपूर्ति के बीच आयात की भी कमी रहने के कारण सोयाबीन तेल के भाव पूर्वस्तर पर बने हुए हैं। सोयाबीन तेल अभी भी प्रीमियम के साथ बिक रहा है। सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को मलेशिया एक्सचेंज मजबूत बंद हुआ था जिस वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार है। उन्होंने कहा कि आवक घटने के कारण बिनौला तेल कीमत में सुधार है। कपास नरमा का भाव मजबूत बना हुआ है। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे: सरसों तिलहन 6,650-6,700 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,375-6,650 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 15,100 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,285-2,585 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 13,975 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2,180-2,280 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,180-2,295 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 13,350 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 12,800 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,700 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 12,150 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 12,850 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 13,775 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला 12,575 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,725-4,770 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज-4,425-4,660 रुपये प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का)- 4,225 रुपये प्रति क्विंटल।

## पेज एक के शेष

**भगवान श्री राम के आदर्शों को ...**

दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल एवं दशहरा कमेटी के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, पंजाबी- हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी के उपाध्यक्ष रणदीप आनन्द सहित अन्य गण्यमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों ...**

बराबर हो? अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की ज़िम्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनकी शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों?
राहुल गांधी ने लोगों से अपील की कि मिल कर इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों। भाजपा सरकार की अग्निपथ योजना को खत्म करने और सेना के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमारे 'जय जवान' आन्दोलन से जुड़ें।

**राहुल गांधी 19 अक्टूबर ...**

राकेश किरण महतो, प्रवक्ता जगदीश साहू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। वैसे तो रांची में होने वाला राहुल गांधी का संविधान सम्मान सम्मेलन देश का पांचवां कार्यक्रम होगा, लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले उनका यह कार्यक्रम कांग्रेस कार्यकताओं के लिए खास है।

**पीएम गति शक्ति से देश अब विकसित भारत ...**

बातें कहीं। उन्होंने पीएम गति शक्ति के जरिये से भारत के बुनियादी ढांचे को स्मार्ट और एकीकृत बनाने की दिशा में किये गये प्रयासों की सराहना की।
पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'गति शक्ति की बदौलत देश अब विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।' उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ।' इस पहल के तहत कई क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स को सुधारने, देरी को कम करने और नये अवसरों को पैदा करने के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है। इससे कई परियोजनाओं की कार्यान्वयन गति में सुधार हुआ है और भारत के विकास की दिशा को तेज किया गया है। केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्वीट कर लिखा, 'आज पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को तीन साल पूरे हो गये हैं। इस पहल ने लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित किया और कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे परियोजनाओं की गति में तेजी आयी और यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। पीएम गति शक्ति पहल के तहत देश में बुनियादी ढांचे को और सशक्त बनाने की दिशा में कई कदम उठाये गये हैं, जिससे विकसित भारत के निर्माण की दिशा में नया विश्वास और गति आयी है।'

**संघ प्रमुख भागवत 16 व 17 अक्टूबर ...**

संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख विजय ठाकर ने रविवार को बताया कि डॉ. मोहन भागवत 16 अक्टूबर की शाम को सूरत आयेंगे। वह 17 अक्टूबर को सुबह जैन आचार्य महाश्रमण से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह जैन समाज के एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। 17 अक्टूबर की शाम को वे पर्यावरण सम्बन्धी एक गोष्ठी में उपस्थित रहेंगे। बाद में स्वामीनारायण सम्प्रदाय के संतों के साथ उनकी मुलाकात का कार्यक्रम भी है। देर शाम वे सूरत से प्रस्थान करेंगे।

**रुड़की-लक्सर रेल लाइन ...**

तुरंत हरकत में आ गये। ट्रेक पर गैस सिलिंडर होने की जानकारी सबसे पहले एक मालगाड़ी चालक ने रेलवे सुरक्षा बल को दी, जिसके बाद एहतियातन आसपास भी रेलवे ट्रैक खंगाला गया, लेकिन दूसरी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। रेल प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

## एक झलक

### असम व भूटान के कई हिस्से में 4.6 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी :** रविवार सुबह 7:47 बजे असम और पड़ोसी देश भूटान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी 4.6 तीव्रता मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र असम के उदालगुरी के पास जमीन के 15 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप के निर्देशांक 26.73ट उत्तरी अक्षांश और 92.31ट पूर्वी देशांतर थे। भूकंप के झटके ढेकियाजुली, तवांग, बरपेटा, ग्वालपाड़ा, उत्तर लखीमपुर, इटानगर, जोरहाट, तेजपुर, गोलाघाट, गुवाहाटी, नगांव और डिमापुर सहित कई क्षेत्रों में महसूस किए गए। इसमें किसी के हताहत होने या बड़ी क्षति की सूचना नहीं है।

### राष्ट्रपति तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा पर रवाना

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों-अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रविवार को रवाना हुईं। राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक इन देशों की यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा का पहला चरण अल्जीरिया से शुरू होगा, फिर मॉरिटानिया और मलावी में खत्म होगा। यह भारत के राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा होगी और 39 वर्षों के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष स्तर की यात्रा होगी। उनकी यात्रा का अगला चरण मॉरिटानिया होगा। 1960 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से भारत से इतने उच्च स्तर के किसी व्यक्ति के इस अफ्रीकी राष्ट्र का दौरा करने का यह पहला अवसर है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू, मलावी के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 17 अक्टूबर को मलावी पहुंचेंगी।

# पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में दो आरोपित गिरफ्तार



■ फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर भी बढ़ी सुरक्षा

### बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**मुंबई :** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ मरीन लाइंस के बड़ा कब्रिस्तान में रविवार को रात साढ़े आठ बजे दफन किया गया। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि इस हत्या मामले की हर एंगल से छानबीन की जा रही है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल आज बाबा सिद्दीकी के परिवार के लोगों से मुलाकात की। बाद में इन नेताओं ने कूपर अस्पताल में जाकर बाबा सिद्दीकी के पोस्टमार्टम के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद अजीत पवार ने बताया कि बाबा सिद्दीकी तीन बार विधायक और राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनकी हत्या वेदनादायक है, मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस की चार टीमों को अन्य राज्यों में रवाना कर दिया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि सभी आरोपित जल्द पकड़ लिये जायेंगे।

एजेंसी

**मुंबई :** पूर्व मंत्री और राकांपा (एपी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में शामिल तीसरे आरोपित की पहचान भी कर ली गयी है। उसे पकढ़ने के लिए मुम्बई पुलिस की चार टीमों को रवाना किया गया है। आरोपितों में एक का सम्बन्ध विश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। इसे देखते हुए फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम कूपर अस्पताल में किया जा रहा है। आज ही शाम बाबा सिद्दीकी को मरीन लाईंस कब्रिस्तान में दफनाया जायेगा। पुलिस के अनुसार शनिवार रात हमलावरों ने बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके बाबा सिद्दीकी पर छह राउंड फायर किया था। इनमें से तीन गोलियां बाबा सिद्दीकी को लगी, जबकि एक गोली उनके सहयोगी को लगी। इसके बाद तत्काल घायल बाबा सिद्दीकी को लीलावती अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत हो गयी थी। घटना में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की पहचान करनैल सिंह और धर्मराज कश्यप के रूप में की गई है। इस घटना में तीसरा आरोपित दूर से मॉनिटर कर रहा था, जो फरार है। उसकी पहचान शिवा के रूप में की गयी है। अब तक जांच में पता चला है कि आरोपित बाबा सिद्दीकी के कार्यालय और घर की एक महीने से रेकी कर रहे थे। इनमें से दो आरोपित कुर्ला में किराए के मकान में रह रहे थे। अब तक की छानबीन में पता चला है कि हत्या मामले में चार आरोपित शामिल हो सकते हैं। मुम्बई पुलिस आयुक्त विवेक फलसणकर ने रविवार सुबह घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त देवेन भारती सहित वरिष्ठ अधिकारियों से बैठक के बाद इस हत्या मामले की छानबीन के चार टीमें गठित की गयीं।


## लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी

**नयी दिल्ली :** कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। गैंग की तरफ से एक फेसबुक पोस्ट वायरल हो रहा है जिसमें गैंग ने दावा किया है कि वे सलमान खान से कोई झगड़ा नहीं चाहते थे, लेकिन बाबा की हत्या की वजह उनका दाऊद इब्राहिम और अनुज थापन के साथ जुड़ाव था। बिश्नोई गैंग की तरफ किये गये पोस्ट में कहा गया है, ৎजीवन का मूल समझता हूं, जिस्म और धन को मैं धूल समझता हूं। किया वही सत्कर्म था, जो निभाया मित्रता का धर्म था। बिश्नोई गैंग ने फेसबुक पोस्ट में कहा, ৎसलमान खान हम ये जंग चाहते नहीं थे। पर, तुमने हमारे भाई (लॉरेंस बिश्नोई) का नुकसान करवाया। आज जो बाबा सिद्दीकी की शराफत के पुल बांधे जा रहे हैं, वे एक टाइम में दाऊद के साथ मकोका एक्ट में था। इसके मरने का कारण अनुज थापन और दाऊद को बॉलीवुड, राजनीति, प्रॉपर्टी डीलिंग से जोड़ना था। पोस्ट में आगे लिखा गया है कि ৎहमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, पर जो भी सलमान खान और दाऊद गैंग की हेल्प करेगा, अपना हिसाब-किताब लगा के रखना। हमारे किसी भी भाई को कोई भी मरवायेगा, तो हम प्रतिक्रिया जरूर देंगे। हमने पहले वार कभी नहीं किया। पुलिस सूत्रों की मानें, तो घटना के बाद से ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग के ऊपर शक जताया जा रहा था। वहीं, इस पोस्ट के बाद मामला साफ हो गया है। फिलहाल, पुलिस लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर आगे की जांच करेगी।

# हम सभी ईश्वर की संतान हैं : स्वामी निर्मलानन्द

**स्वामी जी ने कहा**

- सभी में हैं ईश्वर, सभी से समान रूप से करते हैं प्यार
- कभी भी अपने को असहाय या सर्वशक्तिमान समझने की भूल न करें



कृष्ण बिहारी मिश्र

**हम** सभी ईश्वर की संतान हैं। सभी में वो समाये हुए हैं। वो सभी से समान रूप से प्यार करते हैं। इसलिए कभी भी न तो अपने को असहाय या दूसरे को हेय दृष्टि से देखना चाहिए या खुद को सर्वशक्तिमान और दूसरे को बलहीन समझने की भूल करनी चाहिए। ये बातें आज योगदा सत्संग आश्रम में आयोजित रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी निर्मलानन्द ने योगदा भक्तों से कही। उन्होंने सभी से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शांतिदुत बनने का प्रयास करना चाहिए। हर व्यक्ति अगर चाहे तो वो शांतिदुत बन सकता है। बशर्तें कि वो स्वयं में सुधार लाये। उन्होंने शांति दूत कैसे बने। इसके लिए कई सूत्र बताएं, जिससे प्रत्येक व्यक्ति में अभूतपूर्व सुधार हो सकता है, जिससे हर व्यक्ति अपना, अपने परिवार, अपने समाज का बेहतर ढंग से कल्याण कर सकता है।

उन्होंने कहा कि कभी भी दूसरों में बुराई ढूंढने की कोशिश मत कीजिये। अच्छा रहेगा कि स्वयं में बुराई ढूंढने और उसमें सुधार के प्रयास किये जाये। उन्होंने कहा कि सत्य बोलना बहुत ही अच्छी बात हैं। लेकिन वो सत्य जो नुकसानदायक हैं, अहितकर हैं। वो नहीं बोली जानी चाहिए। ठीक उसी प्रकार जैसे कोई व्यक्ति नेत्रहीन हैं और उसे अंधा बोला जाये तो उसे बुरा लगेगा।

उन्होंने कहा कि आपकी वाणी में मधुरता होनी चाहिए। आपकी वाणी कल्याणकारी होनी चाहिए। आपकी वाणी दूसरे के लिए हितकर होनी चाहिए। साथ ही वाणी पर नियंत्रण भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति ध्यान के द्वारा, परिवार, जहां वो काम करता है या उसके जीवन में जो लोग बार-बार आते रहते हैं। उनके साथ सामंजस्य बनाकर खुशियों को प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने कहा कि हम जिनके साथ रहते हैं। भले ही उनके लिए हमारा ज्यादा समय बीतता हो। पर यह भी याद रखना चाहिए कि जिनके लिए सब कुछ कर रहे हैं। उनके प्रति आपका आदर और उनके द्वारा कही जानेवाली बातों के प्रति आपका सम्मान भी दिखना चाहिए। क्योंकि ज्यादातर देखा जाता है कि हम जिनके साथ रहते हैं, उनका आदर करना और उनकी सुनना बंद कर देते हैं। हमें हमेशा दूसरों को जो हमसे जुड़े हैं या नहीं जुड़े हैं या सहयोग मांगने आये हैं। उन्हें इनकरेज करना चाहिए। उनकी हर संभव मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खुशी का रहस्य है - आत्मसुधार। आपने अपने में सुधार कर लिया तो समझिये जिंदगी जी ली। उन्होंने एक बड़ा ही सुंदर उदाहरण दिया कि महात्मा गांधी जिन्होंने अहिंसा के बल पर भारत को स्वतंत्र कराने में सफलता प्राप्त की।

वो महात्मा गांधी कभी भी अहिंसा का प्रचार-प्रसार नहीं करते थे। बल्कि अहिंसा को उन्होंने जिया। लोगों ने देखा कि कैसे महात्मा गांधी अहिंसा द्वारा अपने जीवन को जी रहे हैं और यही उनकी स्वतंत्रता आंदोलन का मूल आधार बना। उन्होंने कहा कि हमेशा याद रखिये कि अहिंसा केवल प्रेम और क्षमा से ही उत्पन्न होती है। जो गांधी में दिखती थी।

उन्होंने कहा कि क्षमा शक्तिशालियों का बल है। इसी से मन को शांति मिलती है। हर व्यक्ति क्षमा नहीं कर सकता। क्षमा करने के लिए एक बड़े आत्मबल की आवश्यकता होती है, जो सभी में नहीं होती। उन्होंने कहा कि हमेशा दूसरों के लिए आपके मन में आदर की भावना होनी चाहिए। जब आपको कोई नुकसान पहुंचाने की कोशिश करें तो आप स्वयं को नियंत्रित करने की कोशिश करिये। स्वयं को शांत रखने की कोशिश करिये और जब इससे भी बात नहीं बनती तो वहां से निकल जाने में ही भलाई समझे। लेकिन आत्मनियंत्रण इसमें बड़ी भूमिका निभाता है। इसे किसी भी परिस्थिति में न भूलें।

(लेखक बिहार-झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार एवं विद्रोही 24 डॉट कॉम के संपादक हैं।)

